● जयपुर, बुधवार, 16 अक्टूबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 60 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक **राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त**

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 राज्य के इतिहास में पहली बार भर्ती कैलेंडर जारी कर मुख्यमंत्री भजनलाल ...

पेज @4 पोकरण फील्ड फायरिंग रेन्ज में चोरी करने वाले संगठित गिरोह का किया...

पेज @8 सार्वजनिक निर्माण विभाग सिटी डिवीज़न सैकेंड में निविदा सूचना में कार्य...

राजस्थान में निवेश के लिए बनाए गए सकारात्मक वातावरण के सुपरिणाम मिलने लगे हैं, अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हो चुके हस्ताक्षर-जर्मनी में इन्वेस्टर रोड शो में मुख्यमंत्री भजन लाल

जर्मनी के साथ सहयोग को उत्सुक : उपमुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने निवेश के लिए किया आमंत्रित

चमकता राजस्थान

जयपुर, 15 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी जर्मनी यात्रा के दूसरे दिन आज म्यूनिख में 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टर रोड शो में भाग लिया और जर्मनी के निवेशकों और इनोवेटर्स को राजस्थान में इकाइयां लगाने के लिए आमंत्रित किया। इन्वेस्टर रोड शो को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जर्मनी के व्यावसायिक जगत और कारोबारी समूह से राजस्थान के ऑटोमोबाइल, ईएसडीएम, सप्लाई चेन एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, पेट्रोलियम, खान एवं खनिज, अक्षय ऊर्जा, रक्षा, पैकेजिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का आ''ान किया और कहा कि राजस्थान में निवेश के लिए बनाए गए सकारात्मक वातावरण के सुपरिणाम मिलने लगे हैं और 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की घोषणा के दो महीने के भीतर ही, अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किये जा चुके हैं। 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टर रोड शो के दौरान जर्मनी के निवेशकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, ''मैं आप सभी से राजस्थान में निवेश करने और समृद्ध भविष्य के निर्माण के हमारे प्रयासों में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं। राज्य में निवेश करने वाले प्रत्येक उद्यमी को मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। जर्मनी, जो वैज्ञानिक नवाचारों, तकनीकी कौशल, समृद्धि और विकास का एक शक्तिशाली प्रतीक है, के साथ हम अपनी मजबूत साझेदारी स्थापित करना चाहते हैं। राजस्थान रणनीतिक रूप से एक आदर्श गंतव्य है और हमारे पास मजबूत बुनियादी ढांचा और प्रचुर मात्रा में संसाधन हैं। इसके अलावा, व्यापारिक जगत के अनुकूल हमारी नीतियां हमें जर्मन कंपनियों के लिए एक आदर्श व्यापार स्थल बनाती हैं।''

शाम में (म्यूनिख समयानुसार) 'राइजिंग राजस्थान' टूरिज्म मीट का आयोजन

» आज शाम में (म्यूनिख समयानुसार), मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में मौजूद संभावनाओं और विकास के अवसरों को प्रदर्शित करने और जर्मनी के हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट क्षेत्रों के निवेशकों को राज्य में पर्यटन इकाइयाँ स्थापित करने के लिए आमंत्रण देने हेतु विशेष रूप से आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' टूरिज्म मीट में भी भाग लेगा। इससे पहले, जर्मनी की अपनी यात्रा के पहले दिन सोमवार को इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बवेरियन स्टेट चांसलरी के प्रमुख और संघीय मामलों के राज्य मंत्री महामहिम डॉ. फ्लोरियन हरमैन से मुलाकात की थी और जर्मनी को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में 'पार्टनर कंट्री' के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। उसके बाद, अनिवासी राजस्थानियों तक पहुंचने के प्रयासों के तहत, प्रतिनिधिमंडल ने कल शाम को म्यूनिख में अनिवासी राजस्थानी (एनआरआर) समुदाय की एक सभा में भी भाग लिया। था। इस सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, ''राजस्थानी समुदाय द्वारा अर्जित की गई प्रसिद्धि न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। मैं इस समुदाय का आभारी हूं कि वे अपनी जड़ों को कभी नहीं भूलते। मैं उनसे विदेशी निवेशकों और राजस्थान के बीच सेतु बनने की अपेक्षा रखता हूं।''मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा, जर्मनी गए हुए इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) शिखर अग्रवाल, राजस्थान के डिस्कॉम्स की अध्यक्ष और जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक सुश्री आरती डोगरा, उद्योग विभाग और ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट्स (बीआईपी) के आयुक्त रोहित गुप्ता और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

निवेशकों से मिला अभूतपूर्व रेस्पॉन्स

» इन्वेस्टर रोड शो में राजस्थान के अंदर मौजूद व्यावसायिक अवसरों के बारे में एक प्रेजेंटेशन देते हुए उद्योग विभाग व ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन के आयुक्त रोहित गुप्ता ने कहा, ''इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हमने जो बड़ी–बड़ी कंपनियों से आउटरीच किया है, उसके सकारात्मक परिणाम आए हैं। दक्षिण कोरिया, जापान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, और सिंगापुर के निवेशक प्रदेश में कारोबार करने के इच्छुक हैं। विदेशी निवेशकों के प्रति राजस्थान की प्रतिबद्धता नीमराणा में जापानी निवेश क्षेत्र की सफलता से स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। हमारा राज्य निवेश लिए एक आदर्श विकल्प है।'' इस अवसर पर म्यूनिख में भारत के महावाणिज्यदूत शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, ''हम राजस्थान और संभावित जर्मन निवेशकों के बीच सेतु बनने तथा राजस्थान सरकार के साथ निकट समन्वय में निवेश को सुगम बनाने के लिए तैयार हैं।''

जर्मनी की कई बड़ी कंपनियों से मुलाकात

» निवेशक रोड शो के अलावा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने मल्टीवैक सेप हैगेनमुलर एसई एंड कंपनी केज – पैकेजिंग क्षेत्र की बड़ी कंपनी, एचएडब्ल्यूई हाइड्रोलिक जीएमबीएच – इंजीनियरिंग क्षेत्र की बड़ी कंपनी, अल्बाट्रॉस प्रोजेक्ट्स – रक्षा क्षेत्र की बड़ी कंपनी, ब्रेनलैब – स्वास्थ्य सेवा की बड़ी कंपनी, यूनेक्स ट्रैफिक झ अर्बन ट्रांसपोर्ट जैसी कई प्रमुख जर्मन कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें राजस्थान में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल बाद में (म्यूनिख समयानुसार) कई अन्य जर्मन कंपनियों से भी मुलाकात करेगा, जिनमें नॉफ इंजीनियरिंग जीएमबीएच, होराइजन ग्रुप, वेउली टेक्निक्स जीएमबीएच, रोडल एंड पार्टनर, पार्टेक्स वगैरह शामिल हैं।

● राजस्थान एक आदर्श सप्लाई चेन डेस्टिनेशन

इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने यह भी कहा कि भारत को वैश्विक कंपनियों के लिए एक सप्लाई चेन डेस्टिनेशन के रूप में देखा जा रहा है और ''अपनी सक्रिय और विकासोन्मुखी नीतियों के कारण राजस्थान भारत में इन कंपनियों का विश्वसनीय भागीदार बनने के लिए तैयार है। आपके निवेश को समृद्ध और सुरक्षित बनाने के लिए राजस्थान सरकार हर कदम पर आपके साथ है।''

● अक्षय ऊर्जा में निवेश का आमंत्रण

जर्मनी के निवेशकों को राज्य के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश हेतु आमंत्रित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि 2031-32 तक राजस्थान अपनी अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता, जो फिलहाल 28 गीगावाट है, से बढ़ाकर 115 गीगावाट करेगा और इसके लिए 5.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की आवश्यकता है। ''जर्मनी जो अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में वर्ल्ड लीडर है, राजस्थान में सौर और पवन ऊर्जा क्षेत्र में परियोजनाएं शुरू कर सकता है,'' मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा।

● कई प्रमुख जर्मन कंपनियों के संग हुए एमओयू

म्यूनिख में आयोजित इस इन्वेस्टर रोड शो में राजस्थान सरकार ने अल्बाट्रॉस प्रोजेक्ट्स, फ्लिक्सबस, पार्टेक्स एनवी, वेउली टेक्निक्स जीएमबीएच, और इंगो श्मिट्ज जैसी कई बड़ी जर्मन कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। ये कंपनियां रक्षा, मोबिलिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऑटोमोबाइल और कौशल विकास क्षेत्रों जैसे क्षेत्रों में काम करती हैं। इसके अलावा, इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शर्मा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी के निवेशकों, व्यापारिक समूहों और इनोवेटर्स के साथ भी बातचीत की और उन्हें राजस्थान में निवेश हेतु आमंत्रित किया।

● जर्मनी के साथ सहयोग को उत्सुक-उपमुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी

मुख्यमंत्री के साथ जर्मनी में मौजूद उपमुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा, ''राजस्थान नवाचार को अपनाकर, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देकर और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे में निवेश करके अपनी विशाल क्षमता को अनलॉक करने के लिए तैयार है। राजस्थान जर्मनी के साथ तकनीक और अन्य प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए उत्सुक है।''

● मल्टीवैक ने राजस्थान में कारोबार के विस्तार में दिखायी रुचि

जर्मनी की पैकेजिंग क्षेत्र की बड़ी कंपनी मल्टीवैक सेप हैगनमुलर एसई एंड कंपनी केजी के साथ राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल की बैठक के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने राजस्थान में अपने कारोबार के विस्तार में रुचि दिखाई। इसमें, राज्य में एक आईटी हब स्थापित करना, अपने मौजूदा ऑपरेशन्स को बढ़ाना और राजस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों का लाभ उठाना शामिल है। एकीकृत प्रसंस्करण और पैकेजिंग क्षेत्र की यह कंपनी खाद्य, लाइफ सांइसेज, स्वास्थ्य सेवा और औद्योगिक वस्तुओं जैसे उद्योगों के लिए पैकेजिंग की सुविधा मुहैय्या कराती है और राज्य के घिलोथ औद्योगिक क्षेत्र में इसका एक प्रोडक्शन यूनिट है।

रक्षा सौदा प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर

अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत, डील फाइनल

- ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए देश में स्थापित होगा एमआरओ
- नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन, जबकि सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका ने मंगलवार को 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पिछले सप्ताह अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के सौदों को मंजूरी दी थी। खरीदे जाने वाले ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए देश में ही एमआरओ स्थापित किया जाएगा। भारतीय नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन, जबकि सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे, जिनके शांतिकालीन निगरानी में गेम चेंजर साबित होने की उम्मीद है।

दरअसल, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और निगरानी को बढ़ावा देने के लिए सेना, नौसेना और वायु सेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जताई थी। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर चीन के खिलाफ घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी। इसी क्रम में प्रीडेटर ड्रोन के सौदे को 15 जून, 2023 को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) से मंजूरी मिली थी। इसके बाद पिछले सप्ताह 10 अक्टूबर को सीसीएस ने भी मंजूरी दे दी।

यह अत्याधुनिक ड्रोन सिर्फ भारतीय नौसेना के लिए खरीदे जाने थे, लेकिन बाद में इसे तीनों सेनाओं के लिए 31 ड्रोन खरीदने का फैसला लिया गया। भारतीय नौसेना इस सौदे के लिए प्रमुख एजेंसी है, जिसमें 15 ड्रोन अपनी जिम्मेदारी के क्षेत्र में निगरानी संचालन के लिए समुद्री बल को दिए जाएंगे। इसके अलावा सेना और वायु सेना को 8-8 ड्रोन मिलेंगे। सौदे के पहले चरण में छह ड्रोन तत्काल एकमुश्त नगद भुगतान करके खरीदे जाएंगे। मौजूदा जरूरतों को देखते हुए फिलहाल दो-दो ड्रोन तीनों सेनाओं को दिए जाएंगे। बाकी 24 ड्रोन अगले तीन वर्षों में हासिल कर लिए जाएंगे।

तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जाने वाले ड्रोन को लेकर रक्षा मंत्रालय ने आज 31 एमक्यू-9बी स्काई/सी गार्जियन हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (एचएएलई) रिमोट पायलट एयरक्राफ्ट सिस्टम (आरपीएएस) के लिए अमेरिकी सरकार के साथ डील फाइनल की।

एमक्यू–9 रीपर ड्रोन की खासियत

एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को सैन डिएगो स्थित जनरल एटॉमिक्स ने बनाया है, जो लगातार 48 घंटे उड़ सकता है। यह 6,000 समुद्री मील से अधिक दूरी तक लगभग 1,700 किलोग्राम (3,700 पाउंड) का पेलोड ले जा सकता है। यह नौ हार्ड-पॉइंट्स के साथ आता है, जो हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के अलावा सेंसर और लेजर-निर्देशित बम ले जाने में सक्षम है, जिसमें अधिकतम दो टन का पेलोड है। हथियारबंद ड्रोन से भारतीय सेना उस तरह के मिशन को अंजाम दे सकती है, जिस तरह का ऑपरेशन नाटो बलों ने अफगानिस्तान में किया था।

सुप्रीम कोर्ट के बाहर 'जस्टिस क्लॉक' लगी, लंबित मामलों की मिलेगी जानकारी

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के बाहर 'जस्टिस क्लॉक' लगाई गई है, जिसमें यह दिखेगा कि कितने मामले लंबित हैं और कितने पुराने हैं। कितने मामले दायर हुए और कितने का निपटारा हुआ।

सुप्रीम कोर्ट में आज 35 नई याचिकाएं दाखिल हुईं। पिछले हफ्ते 667 मामले दायर हुए थे जबकि एक भी मामले का निपटारा नहीं हुआ था। पिछले हफ्ते दशहरे की छुट्टियां थीं। जस्टिस क्लॉक को नेशनल जुडिशियल डाटा ग्रिड के जरिये बनाया गया है। इसका उद्देश्य न्यायिक क्षेत्र के बारे में जनता में जागरुकता लाना, न्यायिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का विज्ञापन करना और जनता को न्यायिक क्षेत्र से जुड़े क्षेत्रों की स्थिति बताना है।

जस्टिस क्लॉक पर शीर्ष जिला अदालतों के बारे में जानकारी दी गई है, जिसमें 2 साल, 2 से 5 साल और 10 साल से अधिक पुराने मामलों का औसतन सबसे अधिक निपटारा किया गया है।

साथ ही नागरिकों के लिए कानूनी सहायता कार्यक्रम और न्याय तक पहुंच जैसी योजनाओं का लाभ उठाए जा सकने वाली अन्य जानकारी को भी प्रदर्शित किया जाएगा। फिलहाल देश के 25 हाई कोर्ट में कुल 39 जस्टिस क्लॉक लगी हैं। ई-कमेटी ने हर जस्टिस क्लॉक के लिए 13 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है।

गरीबी के शर्म के कलंक को धोना होगा

अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हर साल 17 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत 17 अक्टूबर, 1987 को हुई थी। उस दिन, पेरिस के ट्रोकाडेरो में एक लाख से ज्यादा लोग इकट्ठा हुए थे। इस दिन को मनाने का मकसद, अत्यधिक गरीबी, हिंसा, और भूख से पीड़ित लोगों को सम्मानित जीवन उपलब्ध कराना है। इस दिवस की 2024 की थीम है, 'सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और समावेशी समाज के लिए मिलकर कार्य करना।' यह दिन गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की ज़रूरत पर ज़ोर देता है। इस दिवस का मकसद गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनना, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करना और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर ज़ोर देना भी है। जो गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। गरीबी को खत्म करना सिर्फ़ गरीबों की मदद करना नहीं है– बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 2022 के अंत तक विश्व की 8.4 प्रतिशत जनसंख्या, या लगभग 670 मिलियन लोग, अत्यधिक गरीबी में रह रहे थे। अनुमान है कि वैश्विक जनसंख्या का लगभग 7 प्रतिशत लगभग 575 मिलियन लोग 2030 तक भी अत्यधिक गरीबी में फंसे रह सकते हैं। आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत दस वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन–स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही गरीबमुक्त संतुलित समाज संरचना की जा सकती है।

गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन अब यह संकट और गहराया है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हुए देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है। सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसी नींव पर कैसे साकार होगा? क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना–अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा, सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं युद्ध की मानसिकता में लगी। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में।

आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अंदर जो है, बस वही जीवन है। लेकिन राजनीतिक दिमाग मानता है कि जहां भी गरीब है, वही राजनीति के लिये जीवन है, क्योंकि राजनीति को उसी से जीवन ऊर्जा मिलती है। यही कारण है कि इस देश में सतहत्तर साल के बाद भी गरीबी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, जितनी गरीबी बढ़ती है उतनी ही राजनीतिक जमीन मजबूती होती है। क्योंकि सत्ता पर काबिज होने का मार्ग गरीबी के रास्ते से ही आता है। बहुत बड़ी योजनाएं इसी गरीबी को खत्म करने के लिये बनती रही हैं और आज भी बन रही हैं। लेकिन गरीब खत्म होते गये और गरीबी आज भी कायम है। सरकारी योजनाओं की विसंगतियां ही है कि गांवों में जीवन ठहर गया है। बीमार, अशिक्षित, विपन्न मनुष्य मानो अपने को ढो रहा है। कह तो सभी यही रहे हैं— बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। रोटी केवल शब्द नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी परिभाषा समेटे हुए है अपने भीतर। जिसे आज का मनुष्य अपनी सुविधानुसार परिभाषित कर लेता है। रोटी कह रही है–मैं महंगी हूँ तू सस्ता है। यह मनुष्य का घोर अपमान है। रोटी कीमती, जीवन सस्ता। मनुष्य सस्ता, मनुष्यता सस्ती। और इस तरह गरीब को अपमानित किया जा रहा है, यह सबसे बड़ा खतरा है। गरीब यानी जिसके पास धन उसकी जरूरत से कम हो या जो दो वक्त की रोटी की जुगाड़ नहीं कर सकता। जो अपनी बूढ़ी मां का इलाज नहीं करवा सकता। जो अपने बच्चों की फीस नहीं भरवा सकता। गरीबी व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने में अक्षम बनाता है। गरीबी के कारण व्यक्ति को जीवन में शक्तिहीनता और आजादी की कमी महसूस होती है। गरीबी उस स्थिति की तरह है, जो व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार कुछ भी करने में अक्षम बनानी है।

गरीबी ऐसी त्रासदी एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति है जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहता। एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि गरीबी कोई दैवीय अभिशाप नहीं है बल्कि यह मानवजाति द्वारा रचित सबसे बड़ी समस्या है। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर–गरीब में ऊंच–नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए। यहां प्रश्न है कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? जो शिष्य को अच्छे–बुरे का भेद न बता सके, वह गुरु कैसा?

उत्तर प्रदेश के अमन-चैन से कौन खेलना चाहता है?

मनोज कुमार अग्रवाल

उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान 13 अक्टूबर को दंगा आगजनी हुई हमलावरों ने जलूस में शामिल एक हिन्दू युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। इससे कुछ दिन पहले भी यूपी के कई और शहरों में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान विवाद के मामले सामने आए हैं। यह सभी वारदात एक ही पैटर्न पर है जिनमें बहराइच कुशीनगर गोंडा कौशांबी समेत कई जिलों में बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय की आस्था से जुड़ी दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन के दौरान गड़बड़ी फैलाने और उत्पात मचाने का कुत्सित प्रयास किया गया है वह बताता है कि यूपी में भी कुछ जहरीली ताकतें मोजूद हैं जो यूपी को बांग्लादेश बनाने पर आमादा हैं। क्या यूपी में हिन्दू त्योहार मनाना दूसरे समुदाय की आंखों की किरकिरी बन गया है?

आपको बता दें कि यूपी के बहराइच जिले के महराजगंज इलाके में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान पत्थरबाजी, फायरिंग और आगजनी हुई। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. इस घटना के बाद पूरे इलाके में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई।

यूपी के कुशीनगर जिले में मां दुर्गा का प्रतिमा ले जाते समय पथराव की खबर सामने आई जिसमें कई लोग घायल हुए और मां दुर्गा का प्रतिमा भी छतिग्रस्त कर दिया गया। मामला कुशीनगर के पडरौना नगर पालिका अंतर्गत छावनी नगर का है जहां पर मौके पर पहुंची कई थानों की फोर्स ने मामले को काबू में किया। पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया और उनके खिलाफ केस दर्ज किया। श्रद्धालु पडरौना से मां दुर्गा का प्रतिमा लेकर अपने गांव गनेशी पट्टी और भिसवा लाला जा रहे थे इसी समय छावनी में कुछ लोगों ने छत और घरों से मां दुर्गा की प्रतिमा और श्रद्धालुओं पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। लोग घायल हुए और प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हुई जिसके बाद दो पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। हालांकि पुलिस ने मामला संभाला। यूपी के कौशाम्बी जिले में 12 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के दौरान गुलाल उड़ाने को लेकर दो समुदायों आपस में भिड़ गए। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव में घटना में हुई झड़प देखते ही देखते विवाद में तब्दील हो गई। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हुई। सूचना के बाद डीएम और एसपी कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे गए और मामले को काबू में किया। दरअसल, मूर्ति विसर्जन करने के लिए दुर्गा प्रतिमा लेकर निकले लोग गांव में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों पर इमामबाड़ा पर गुलाल उड़ाने का आरोप लगा। इसका विरोध करते हुए दूसरे समुदाय के लोगों ने हंगामा किया फिर दोनों पक्षों में हिंसक झड़प शुरू हो गई। कई लोग घायल हुए और फिर तोड़फोड़ और पत्थरबाजी भी हुई। मौके पर भारी पुलिस फोर्स भी तैनात करनी पड़ी।

इससे पहले गोंडा में दशहरा पर देर शाम गोंडा शहर के एक इलाके में हालात तनावपूर्ण हो गए। नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने

वाला बड़गांव में नूरामल मंदिर से आगे तकिया मस्जिद और घोसियाना मोहल्ले करीब पत्थरबाजी शुरू हो गई जिससे हालात बिल्कुल खराब हो गए। सूचना मिलते ही इलाके मौके पर पुलिस बल और पीएसी के जवानों तैनात किए गए। दरअसल, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मस्जिद के आसपास वाले दो और तीन मंजिला घरों से पत्थरबाजी करने का श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया और इसका विरोध किया इसके लिए प्रदर्शन और हो हल्ला शुरू कर दिया। कंट्रोल रूम से संदेश मिलते ही एसपी विनीत जायसवाल मौके पर खुद पहुंच गये और हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की। यहां आपको बता दें कि बीती 29 सितंबर को यति नरसिंहानंद द्वारा पैगंबर हजरत मुहम्मद पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तक थमा नहीं है। इसके विरोध में रविवार 13 अक्टूबर को महापंचायत का आयोजन किया गया जाना था पर प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। महापंचायत को लेकर जुटे लोगों को पुलिस ने खदेड़ दिया। इस मामले को लेकर गाजियाबाद में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो। डासना देवी मंदिर के पास बीते 4 अक्टूबर, शुक्रवार देर रात तो हालात ऐसे हो गए कि भीड़ इकट्ठी हो गई और पुलिस ने मौके से 150 से ज्यादा लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है. वेव सिटी थाने में डासना चौकी इंचार्ज की शिकायत पर सुबह मुकदमा दर्ज कर लिया गया। गाजियाबाद के डासना मंदिर के पुजारी यति नरसिंहानंद के बयान का विवाद सहानपुर जा पहुंचा जहां पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा विरोध ज्ञापन देने के दौरान पुलिस पर पथराव का आरोप लगा और इस मामले में बड़ी कार्रवाई भी की गई। सहारनपुर के शेखपुरा कदीम गांव में हुई इस घटना को लेकर पुलिस द्वारा 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि पुलिस को निशाना बनाकर पथराव किया गया जिसमें कई पुलिस गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हमलावर भीड़ को काबू में करने की कोशिश करते रहे। पुलिस ने फिर हल्के बल प्रयोग से उन्हें खदेड़ दिया था। दरअसल यति के बयान को मुद्दा बनाकर समूचे यूपी को सांप्रदायिक हिंसा और आगजनी का माहौल बनाने की कोशिश की गई। इस सबका ही नतीजा है कि षडयंत्र कारी प्रदेश में एक खास समुदाय की नफरत की भावना को भड़काने में कामयाब रहे और उसकी परिणिति बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन यात्रा पर हुई पत्थरबाजी व गोलीबारी के रूप में हुई। इस मे एक युवक रामगोपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के विरोध में भी प्रदर्शन हिंसक हो गया। पुलिस आंसू गैस और लाठीचार्ज करके प्रदर्शन को कंट्रोल करने का प्रयास कर रही है जिसका वीडियो सामने आया है। महसी के महाराजगंज इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत पर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इलाके में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। बहराइच की घटना के दूसरे दिन 14 अक्टूबर सोमवार को भी बहराइच में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। अस्पताल और दुकानों में आग लगा दी गई। बहराइच जिले के एक गांव में रविवार को हुई सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में पुलिस ने एक शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले में करीब 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद लापरवाही बरतने वाले हरदी थाने के प्रभारी और चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया गया है। मामला हरदी थाना इलाके के रेहुआ मंसूर गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार यहां रविवार की शाम मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के लिए निकली थी। जुलूस जब महराजगंज बाजार में पहुंचा और लोग जयकारा लगाते हुए अब्दुल हमीद के घर के सामने से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने मूर्तियों पर पथराव शुरू कर दिया। इतना ही नहीं पथराव के बीच में ही उपद्रवियों ने फायरिंग भी कर दी। इनमें रेहुआ मंसूर गांव के ही रहने वाले राम गोपाल मिश्रा (22) पुत्र कैलाश नाथ को गोली लग गई, जबकि एक अन्य शख्स भी घायल हो गया। घटना में घायल हुए दोनों युवकों को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। जब इसकी जानकारी महाराजगंज बाजार में पहुंची तो विसर्जन के लिए जा रहे लोगों ने वाहनों और घरों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। खबर है, इसमें चार घर जल गए. हिंसा और आगजनी के बाद मूर्तियों के विसर्जन पर रोक लगा दी गई, लेकिन जब इलाके में पुलिस फोर्स तैनात हुई तो फिर विसर्जन शुरू कर दिया गया।

सारी वारदातों के पीछे कौन तत्व हैं जो यूपी की आबोहवा में दंगों आगजनी और सांप्रदायिक तनाव का जहर घोल रहे हैं। कमोबेश हर घटना को तूल देकर एक खास नेरेटिव गढ़ कर समुदाय विशेष को भड़काने एक ही पैटर्न पर पत्थरबाजी कराने के पीछे कोई गहरी साजिश तो नही है? या योगी बाबा के बुलडोजर पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद प्रदेश की सांप्रदायिक ताकतें एक खास षडयंत्र के तहत निर्भय होकर अराजकता और सांप्रदायिक हिंसा का वातावरण तैयार करने का प्रयास कर रहीं हैं। इन सब हालात ने योगी सरकार के सामने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुनौती बढ़ा दी हैं। क्या अब सूबे में हिन्दू समुदाय के हर जुलूस शोभायात्रा पर पत्थरबाजी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाएगी। इसी माह दीपावली जैसा बड़ा त्योहार भी मनाया जाना है योगी सरकार को अराजक तत्वों के मंसूबों को पहचान कर समय रहते साजिशों को नाकाम करना होगा ताकि किसी को भी सूबे के अमन–चैन से खेलने की छूट न मिले।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारत में स्वास्थ्य सेवा में बदलावः आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई का प्रभाव

डॉ. विनोद के पॉल

राजू (बदला हुआ नाम), आयु 18 वर्ष, को सामान्य रूप से चलते हुए भी सांस लेने में तकलीफ होती थी और वह थकान महसूस करता था। साल 2017 में उसे सीने में दर्द के कारण दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के बारे में पता चला। इलाज की अंतहीन जद्दोजहद में उसके पिता ने परिवार के मवेशी और जमीन तक बेच डाली और पांच लाख रुपये से अधिक रकम के कर्ज में डूब गए। साल 2019 में, उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) की ओर से एक पत्र मिला, लेकिन उन्होंने इसको ज्यादा अहमियत नहीं दी। साल 2022 में राजू की हालत बिगड़ गई, जिसके लिए फौरन सर्जरी करने की आवश्यकता थी। वे हताश और बेबस हो चुके थे। तभी अस्पताल के एक कर्मचारी ने उनके परिवार को पीएमजेएवाई के बारे में पता करने की सलाह दी और उनकी पात्रता की पुष्टि की। इसकी बदौलत राजू की लगभग 1.83 लाख रुपये की लागत वाली जीवन रक्षक सर्जरी संभव हो सकी। आखिरकार, 67 दिन बाद उसे नए सिरे से जिंदगी शुरू करने के लिए अस्पताल से छुट्टी दे मिल गई। आशा, सेहत और खुशी से भरपूर यह कहानी, उन अनगिनत कहानियों में से एक है, जो एबी पीएमजेएवाई के लाभार्थियों के जीवन के इर्द–गिर्द बुनी गई हैं। बीते छह वर्षों में इस योजना के तहत अस्पतालों में लगभग 7.8 करोड़ दाखिलों के साथ पीएम–जेएवाई ने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है और उनके प्राणों की रक्षा की है और साथ ही, उन रोगियों के परिवारों को अस्पताल के खर्च के कारण गरीबी और पीड़ा के चंगुल में फंसने से भी बचाया है। यह योजना माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

पीएमजेएवाई ने प्रति लाभार्थी परिवार द्वितीयक और तृतीयक उपचार के लिए 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके सरकारी और निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के आधार को छुआ है। निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा प्रचारित भारी–भरकम रकम की तुलना में यह राशि छोटी लग सकती है, लेकिन योजना की रूपरेखा और पैमाने को देखते हुए लाखों परिवारों के लिए इस राशि का प्रभाव जीवन बदलने वाला और जीवन रक्षक है। योजना की रूपरेखा के अनुसार, पीएमजेएवाई का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती रोगियों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल उपलब्ध कराना है, तथा बहिरंग रोगी सेवाएं इस योजना के अंतर्गत नहीं आती। एक महत्वाकांक्षी व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल मिशन के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के इस दूसरे घटक पर समान रूप से गौर किया जा रहा है, जिसके तहत 1,75,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्थापित किए गए हैं, जिन्हें पहले स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र कहा जाता था। इनमें परामर्श और कई दवाएं (172 तक) और निदान (63 तक) निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। वर्तमान में सरकारी प्रयासों का केंद्र इन दोनों प्रणालियों में देखभाल का सुदृढ़ दो–तरफ़ा सम्मिलन और निरंतरता है। भारत का यूएचसी मॉडल सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पर आधारित है। स्वास्थ्य नीति और सेवाओं को अलग–थलग करके नहीं अपितु समग्रता में देखे जाने की आवश–यकता है।

इस योजना के कार्यान्वयन के दौरान, स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी) के तहत प्रक्रियाओं और कीमतों को संशोधित और युक्तिसंगत बनाया गया है। साल 2018 में एचबीपी की संख–या 1393 थी, जो 2022 तक बढ़कर 1949 हो गई। स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में क्षेत्रीय भिन्नता को ध्यान में रखते हुए, विभेदक मूल्य निर्धारण की अवधारणा शुरू की गई है। साथ ही, स्थानीय संदर्भ के अनुसार एचबीपी दरों को और अधिक अनुकूलित करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अतिरिक्त लचीलापन प्रदान किया गया है। सेवाओं की निर्बाध प्रदायगी सुनिश्चित करने और व्यवस्था में दुरुपयोग की गुंजाइश को कम करने के लिए पीएमजेएवाई स्वाभाविक रूप से प्रौद्योगिकी–संचालित है, और पेपरलेस या कागज़ रहित होने के साथ–साथ कैशलेस या नकदी रहित भी है। इसमें प्रतिपूर्ति या सह–भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि अधिकांश दावों का निपटान समय पर होता है, लेकिन राज्यों के साथ साझेदारी में और सुधार लाने के लिए गहन प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना की सफलता और जन कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के कारण इस वर्ष इसके दायरे को बढ़ाने के लिए दो बड़े कदम उठाए गए हैं। अंतरिम बजट में सरकार द्वारा इस योजना को विस्तारित करते हुए आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लगभग 37 लाख परिवारों को इसके दायरे में लाया गया। दूसरा, भारत की बढ़ती जीवन प्रत्याशा के मद्देनजर, एक और बड़ा कदम सरकार का 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति की परवाह न करते हुए पीएमजेएवाई कवरेज देने का निर्णय है। इससे 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों वाले 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ होगा। भारत में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) की स्वास्थ्य से संबंधित 75वें चरण की रिपोर्ट से पता चलता है कि इस आयु वर्ग के लिए अस्पताल में भर्ती होने की दर 11 प्रतिशत से अधिक है। लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया (एलएएसआई) की 2021 की रिपोर्ट से पता चलता है कि 75 प्रतिशत बुजुर्गों को एक या एक से अधिक पुरानी बीमारियां हैं, 40 प्रतिशत को किसी न किसी तरह की विकलांगता है और 4 में से 1 बहु–रुग्णता से पीड़ित है। उल्लेखनीय रूप से, 58 प्रतिशत बुजुर्ग आबादी महिलाओं की है, जिनमें 54 प्रतिशत विधवाएं हैं। वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित अनेक निजी बीमा उत्पादों के विपरीत, पीएमजेएवाई किसी भी वरिष्ठ नागरिक को पहले से चली आ रही बीमारी के कारण बाहर नहीं करता है; न ही यह लाभ देने से पहले किसी वर्ष की प्रतीक्षा अवधि की शर्त रखता है। वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करके यह योजना उन्हें स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीने में समर्थ बनाती है।

पीएमजेएवाई सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य क्षेत्रों को एक राष्ट्र, एक प्रणाली के सूत्र में जोड़ता है। वर्तमान में, पीएमजेएवाई के पास 29,000 से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों का अखिल भारतीय नेटवर्क है, जिनमें लगभग 13,000 निजी अस्पताल शामिल हैं। इसके अलावा, इनमें से लगभग 25,000 अस्पताल टियर–2 और टियर–3 शहरों में स्थित हैं। निजी क्षेत्र में अधिकृत अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या और मात्रा का अनुपात क्रमशः 57 प्रतिशत और 67 प्रतिशत है, जो इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी को दर्शाता है। लाभार्थी के पास राज्य के दिशा–निर्देशों के अनुसार सूचीबद्ध अस्पताल, सार्वजनिक या निजी, चुनने का विकल्प मौजूद है। इस योजना ने अनेक राज्यों में सरकारी अस्पतालों में भी सेवा प्रदायगी को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। इन अस्पतालों ने अपनी सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए योजना के तहत प्रतिपूर्ति की गई धनराशि का उपयोग किया है। कवरेज और पहुंच की बढ़ती रफ्तार के साथ पीएमजेएवाई में टियर 2 और 3 शहरों में एक ऐसे बाजार के निर्माण के जरिए निजी अस्पतालों के विकास को बढ़ावा देने की क्षमता मौजूद है, जहां पहले भुगतान क्षमता की कमी के कारण मांग पूरी नहीं हो पाती थी।

हाल ही में एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री द्वारा किए गए अध्ययन (घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022–23 से इकाई–स्तरीय डेटा पर आधारित) में निष्कर्ष निकाला गया है कि पिछले 10 वर्षों में हमारी आबादी का निचला 50 प्रतिशत हिस्सा चिकित्सा व्यय से संबंधित आघातों के प्रति काफी कम संवेदनशील हो गया है; और यह प्रवृत्ति निकटता से पीएमजेएवाई से संबद्ध है। आज बहुत से लोग स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं और साथ ही अपनी संपत्ति और बचत का भी संरक्षण कर पा रहे हैं। आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तत्–पर है। आखिरकार, अच्छा स्वास्थ्य, कल्याण, राष्ट्रीय उत्पादकता और समृद्धि का आधार है।

(लेखक, नीति आयोग में सदस्य (स्वास्थ्य) हैं।)

खाद्य सामग्री की महत्ता, सम्मान और सुरक्षा से ही आने वाली पीढ़ियां दीर्घायु होंगी

रमेश शर्मा

संसार के सभी प्राणियों के लिये खाद्यान्न अर्थात भोजन सामग्री जितनी महत्वपूर्ण है उतनी ही उपेक्षा इस विषय की होती है। इस विषय का महत्व इसी तथ्य से समझा जा सकता है कि यह दुनिया के उन करोड़ों लोगों से सीधा जुड़ा हुआ है जो एक समय का भोजन प्राप्त करने की जद्दोजहद में हैं। संसार के प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकतानुसार खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके, इस जागृति के लिये विश्व खाद्य दिवस की परंपरा आरंभ हुई। विश्व खाद्य दिवस की शुरुआत 1945 से हुई। तब दुनिया द्वितीय विश्वयुद्ध से उबरी थी। विश्वयुद्ध के दौरान दुनिया की व्यापारिक यात्राएँ बाधित हुई थीं, जिसका प्रभाव खाद्यान्न की उपलब्धता पर पड़ा। इसके अतिरिक्त उन दिनों एशिया और अफ्रीका के अनेक देशों में वर्षा नहीं होने से सूखे जैसी स्थिति थी जिससे भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हुई। खाद्यान्न की इस आपदा से निबटने के लिये संयुक्त राष्ट्र ने 16 अक्टूबर 1945 को विश्व खाद्य दिवस मनाने का निर्णय लिया। इसके साथ संयुक्त राष्ट्र ने इसी दिन रोम में "खाद्य एवं कृषि संगठन" (एफएओ) की स्थापना की। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्वभर में फैली भुखमरी की समस्या के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाना और भूख, कुपोषण और गरीबी का मिलकर सामना करना था। 1945 से लेकर 1979 तक 16 अक्टूबर को खाद्यान्न आपूर्ति और खाद्यान्न व्यवस्था को लेकर जागरुकता के लिये निश्चित तो रहा पर व्यवस्थित रूप से 'विश्व खाद्य दिवस' का आयोजन 16 अक्टूबर 1980 से शुरू हुआ। 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाने के साथ इस दिन कुछ संकल्प लेने का आ''ान किया गया। इसमें 1– कृषि खाद्य उत्पादन पर ध्यान आकर्षित करना। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय स्तर पर शासकीय, अशासकीय एवं बहुउद्देशीय कृषि एवं कृषि उद्यम को बढ़ावा देना। 2– उन्नत अर्थव्यवस्था के बीच आर्थिक और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना। 3– ग्रामीण स्तर पर विशेष रूप से महिलाओं और सबसे कम पद प्राप्त पदों की उनके जीवन स्तर पर प्रभावित करने वाले निर्णय और सहभागिता को बढ़ावा देना। 4– दुनिया में भूख की समस्या के प्रति जागरूकता पैदा करना । 5– औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे द्वारा खाद्य सामग्री के यातायात को बढ़ावा देना और 6– भूख और गरीबी के विरुद्ध संघर्ष में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय एकजुटता बढ़ाने के साथ खाद्य एवं कृषि विकास पर ध्यान आकर्षित करना है। इस सबके लिये विश्व स्तर पर खाद्यान्न पदार्थ के बेहतर और गुणवत्ता पूर्ण उत्पादन एवं

वितरण पर ध्यान देना है।

भूख से लड़ने और समुचित खाद्य सामग्री समाधान के लिए नोबल पुरस्कार

पूरे विश्व में खाद्य पदार्थों की आपूर्ति पर्याप्त हो और संसार का कोई भी व्यक्ति भूख से बेहाल न हो, इस अभियान को गति देने के लिये नोबेल पुरस्कार देने की परंपरा भी आरंभ हुई। नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) को भूख से प्रभावित क्षेत्र में शांति की स्थिति में बेहतर योगदान देने और 2020 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करने का निर्णय लिया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने, खाद्य सामग्री की सुरक्षा एवं उसकी व्यवस्थित आपूर्ति को बढ़ावा देने में इस संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इसे दुनिया का सबसे बड़ा मानवीय संगठन माना गया है। 2019 में इस संगठन ने 88 देशों में करीब 100 मिलियन ऐसे लोगों को सहायता प्रदान की जो गंभीर भोजन और भूख से पीड़ित थे। इस स्थिति का आकलन करके इस दिशा में संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में मानवता को भूख से मुक्ति का अभियान जोड़ा था। इस लक्ष्य को साकार करने के लिए डब्ल्यूएफपी ने संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शन में एक सघन अभियान चलाया। इसमें अनेक स्वयंसेवी संस्थाओं और विभिन्न देशों की सरकारों के माध्यम से 2019 में मानों एक दुर्लभ संकल्प को पूरा किया और यह नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया।

संयुक्त राष्ट्र के पास जो आकड़े उपलब्ध थे उनके अनुसार 2019 में 135 मिलियन लोग खाद्य सामग्री के अभाव और तेज भूख से पीड़ित हुए थे। यह संख्या वर्ष 2014 की तुलना में अधिक थी। अनेक स्थानों पर खाद्य सामग्री के अभाव और खाद्यान्न प्राप्त करने के लिये कुछ अफ्रीकन देशों में हिंसक संघर्ष भी हुये। इसलिए संयुक्त राष्ट्र ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और 2015 में इस खाद्य दिवस आयोजन को भुखमरी मुक्ति के अभियान से भी जोड़ा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने डब्ल्यूएफपी को माध्यम बनाया है। इसके आशानुकूल परिणाम आये और दुनिया भर में जागृति आई। दुनिया में खाद्य पदार्थों के उत्पादन, समन्वय पूर्ण वितरण तथा हर जरूरतमंद तक पहुँचाने के प्रति दायित्व बोध हुआ।

हर वर्ष की थीम अलग

प्रत्यक्ष रूप से या कहने या सुनने से तो लगता है कि खाद्य सामग्री केवल भूख शाँत करके जीवन चलाने का माध्यम है पर यह परोक्ष रूप से बहुत व्यापक है। जीवन की रक्षा और समाज के समन्वय संतुलन बनाने में खाद्य पदार्थ कितना महत्व रखते हैं, उन सभी आयामों की ओर जन जागरण पैदा करने के लिये इस दिवस को उन सबसे जोड़ा। इसके लिये प्रत्येक वर्ष इस खाद्य दिवस के आयोजन की थीम अलग होती है। ताकि संसार खाद्यान्न की महत्ता के विविध आयामों से परिचित हो सके। प्रत्येक वर्ष की थीम अलग होने की परंपरा 1981 से आरंभ हुई। उस वर्ष पहली थीम थी– "भोजन सबसे पहले आया।" संसार विकास की कितनी ही ऊँचाई प्राप्त कर ले, चाँद या मंगल पर नहीं सूरज पर भी पहुँच जाये पर शरीर संचालन के लिये खाद्यान्न की आवश्यकता सबसे पहले पड़ती है। व्यक्ति अकेला रहे या सामूहिक, वह खाद्य पदार्थ की आवश्यकता से मुक्त नहीं हो सकता। आधुनिक दुनिया में बढ़ते यातायात साधनों से समाज को कुछ राहत मिली है। अभाव एक देश में हो तो दूसरे देश से सहायता तुरन्त पहुँचती है। जैसे भारत ने अफगानिस्तान, श्रीलंका आदि देशों को भूख से बचाने के लिये खाद्य सामग्री भेजी थी। आज पूरी दुनिया मानो एक गांव बन गई है इसलिये यह दुनिया कृषि उद्योग, खाद्यान्न में एक–दूसरे की पूरक हो रही हैं। किसी एक क्षेत्र में खाद्यान्न संकट और भूख से बेहाली को शेष दुनिया अनदेखी नहीं कर सकती। अनुकूल मौसम या भौगोलिक क्षेत्र में बेहतर उत्पादन, बेहतर पोषण, बेहतर पर्यावरण और बेहतर जीवन स्तर के लक्ष्य पूर्ति का उद्देश्य इस विश्व खाद्य दिवस के आयोजन में है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

राज्य के इतिहास में पहली बार भर्ती कैलेंडर जारी कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उठाया ऐतिहासिक कदमः राजेंद्र राठौड़

राजस्थान में भजनलाल सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी देकर उनके सपनों को साकार करने का कर रही है कार्यः राजेंद्र राठौड़

- **कांग्रेस ने युवाओं में बनाया था अविश्वास का माहौल, सीएम भजनलाल शर्मा ने 10 माह जीता प्रदेश युवाओं का विश्वासः लक्ष्मीकांत भारद्वाज**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की घोषणाओं से प्रदेश के युवाओं में उत्साह -लक्ष्मीकांत भारद्वाज**
- **भाजपा सरकार की प्रतिबद्धताः- राज्य में समय पर पारदर्शी रूप से हो प्रतियोगी परीक्षाएंः- उपेन यादव**

चमकता राजस्थान

जयपुर, 15 अक्टूबर 2024। भाजपा प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर संवेदनशील और गंभीर है। भाजपा ने युवाओं से जो वादे किए थे, उन वादों को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य के इतिहास में पहली बार प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भर्ती कैलेंडर जारी करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। भर्ती कैलेंडर में 70 प्रतियोगी परीक्षाओं की दिनांक और उनका परिणाम जारी करने की तक की दिनांक जारी कर दी गई है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में भजनलाल शर्मा सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी देकर उनके सपने को साकार करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरी और 6 लाख लोगों को स्किल के साथ रोजगार देने का वादा किया था। भाजपा जो कहती है, वो करती है के लिए संकल्पबद्ध है, इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने दिसंबर 2024 तक 1 लाख 11 हजार से ज्यादा विभिन्न सरकारी पदों पर नियुक्ति देने के लिए विज्ञप्तियां जारी कर दी है। राठौड़ ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार है जिसने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड किया और प्रदेश में 17 पेपर लीक, 8 परीक्षाएं रद्द कर करीबन 50 हजार पदों को निरस्त कर दिया गया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं का भर्ती कैलेंडर जारी करने का पिछली सरकार ने सोचा तक नहीं और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दो साल से अधिक समय का भर्ती कैलेंडर जारी भी कर दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं के भरोसे को जितने के लिए पहले पेपरलीक माफियाओं को सलाखों तक पहुंचाने के लिए एसआईटी का गठन किया और फिर महज 10 माह में 180 पेपरलीक माफियाओं को गिरफ्तार कर अपनी मंशा जाहिर की।

भाजपा प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता लाते हुए भर्ती कैलेंडर जारी करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। एक ओर प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार थी, जब युवाओं में भर्ती परीक्षाओं को लेकर अविश्वास का माहौल बन गया था, वहीं दूसरी ओर पिछले 10 माह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार है जिसने सत्ता में आते ही युवाओं के भरोसे को जीता। प्रदेश के युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवा वर्ग को न्याय देने के साथ उनका भविष्य सवारने का कार्य किया है।

भाजपा विधायक प्रत्याशी उपेन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा युवाओं के भविष्य को लेकर संवेदनशील है ऐसे में सीएम शर्मा का प्रयास है कि सही समय पर पारदर्शी रूप से प्रतियोगी भर्ती परीक्षा आयोजित करवाई जाए। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 60 हजार चतुर्थ श्रेणी और 23 हजार से अधिक वाहन चालक के पदों पर भर्ती की अनुशंसा कर ग्रामीण परिवेश के उन युवाओं को भी सरकारी नौकरी के सपने को पूरा करने का अवसर दिया है जो किसी कारणवश उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए।

संक्षिप्त समाचार

श्रीराम 1666 सरसों बीजः राजस्थान के किसानों के लिए वरदान

चमकता राजस्थान। श्री गंगानगर। राजस्थान में सरसों की खेती का एक महत्वपूर्ण स्थान है, और किसानों की मेहनत के साथ उन्नत तकनीकों का उपयोग इस क्षेत्र की कृषि को और भी समृद्ध बना रहा है। इस संदर्भ में, श्रीराम 1666 सरसों बीज ने किसानों के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प के रूप में खुद को साबित किया है।

राजस्थान के किसानों का कहना है कि श्रीराम 1666 सरसों बीज ने कृषि जगत में एक नई क्रांति ला दी है। इस बीज की उत्कृष्ट उत्पादन क्षमता, अधिक तेल की मात्रा, रोग प्रतिरोधक क्षमता और विविध जलवायु परिस्थितियों के प्रति अनुकूलता इसे तेजी से लोकप्रिय बना रही है।

किसानों के अनुसार, यह हाइब्रिड बीज अन्य परंपरागत किस्मों की तुलना में नीचे से बेहतर फुटान और प्रति फली अधिक दाने उत्पन्न करता है, जिससे तेल की मात्रा में भी वृद्धि होती है। इसकी वजह से किसानों को अधिक उपज के चलते प्रति एकड़ 6000-8000 तक का अतिरिक्त मुनाफा हो रहा है। इसके उच्च तेल मात्रा वाले दाने बाजार में ऊंचे दामों पर बिकते हैं, जिससे किसानों की आय में भी वृद्धि होती है।

राजस्थान के किसान, उदय राम यादव, पेमाराम मेघवाल, और मनसिंह जाटव ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस बीज से न केवल अधिक पैदावार हुई, बल्कि फसल की गुणवत्ता भी बेहतर रही। इन किसानों ने बताया कि पिछले दो सालों से उन्हें इस बीज ने प्रति एकड़ 1.5-2 क्विंटल तक अधिक उपज दी है और तेल की मात्रा में भी सुधार हुआ है। इसकी वजह से उन्हें प्रति एकड़ 8000 का अतिरिक्त मुनाफा हुआ, जो अन्य सरसों किस्मों की तुलना में कहीं अधिक था।

इसी तरह राजस्थान के किसान राम सिंह चौधरी और बबलेश शर्मा ने भी इस बीज की तारीफ की। उन्होंने बताया कि यह बीज नीचे से बेहतर फुटान, अधिक तेल की मात्रा, रोग प्रतिरोधक क्षमता और कम लागत में अधिक पैदावार के लिए अन्य किसानों के बीच भी अनुशंसित किया जा रहा है।

श्रीराम 1666 सरसों बीज ने राजस्थान के किसानों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाया है। इसके उच्च उत्पादन, रोग प्रतिरोधक क्षमता और बेहतर तेल उत्पादन के कारण किसान इसे बड़े पैमाने पर अपना रहे हैं। राज्य के किसानों की सफलता की कहानियां इस बात का प्रमाण हैं कि यह बीज उनकी खेती को और भी समृद्ध बना रहा है। इसके उपयोग से न केवल उनकी आय में वृद्धि हुई है, बल्कि उनकी खेती की लागत भी कम हुई है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं।

श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस 134 वर्ष पुरानी डीसीएम श्रीराम लिमिटेड का एक हिस्सा है। यह एक अग्रणी बिजनेस ग्रुप है, जिसका टर्नओवर 11431 करोड़ है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस कृषि इनपुट्स जैसे बीज, विशेष पोषण, और फसल संरक्षण के कारोबार में सक्रिय है, जिससे भारतीय कृषि को मजबूत और किसानों की आय को बढ़ाने में सहायता मिल रही है।

विशेष योग्यजनों को मिलेगी निशुल्क इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर की सौगात

- **योजना के पात्र आवेदक 31 अक्टूबर 2024 तक कर सकते हैं आवेदन**

चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 अक्टूबर। राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाएं दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर एवं आसान बनाने में मददगार साबित हो रही हैं। जिलाकलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि जयपुर जिले में आवासी मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित विशिष्ट विकलांगता पीला अथवा नीला दिव्यांग प्रमाण पत्र धारक दिव्यांगजनों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने हेतु दिनांक 31 अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।जिला कलक्टर ने जयपुर जिले में आवासी मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित पीला (40 प्रतिशत से 79 प्रतिशत तक) नीला (80 प्रतिशत से 80 प्रतिशत से अधिक) से पीड़ित विशेष योग्यजनों को चलने की क्षमता प्रदान कर आत्म निर्भर बनाने हेतु इलैक्ट्रीक पावर व्हीलचेयर प्राप्त करने हेतु अपील की है।इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर हेतु आवेदन पत्र सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के स्थानीय जिला कार्यालय एवं ब्लॉक स्थित कार्यालयों से प्राप्त कर आवेदन पत्र के साथ मूल निवास एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित संबंधित कार्यालय में जमा कराए जा सकेगें।

मध्यप्रदेश के अधिकारियों ने देखा देवीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क दवा योजना का प्रबंधन

विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का किया भ्रमण, भण्डारण, आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की ली जानकारी

चमकता राजस्थान

जयपुर, 15 अक्टूबर। राजस्थान में निःशुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन एवं प्रबंधन का अवलोकन करने मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कॉरपोरेशन की टीम मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंची। टीम ने प्रदेश में निःशुल्क दवा योजना का प्रबंधन देखने के लिए जयपुर शहर के चिकित्सा संस्थानों का भ्रमण किया।

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने बताया कि राजस्थान निःशुल्क दवा योजना के प्रबंधन व क्रियान्वयन में लगातार देश में अव्वल बना हुआ है। साथ ही, योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर नवाचार एवं आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश की टीम प्रदेश में निःशुल्क दवा योजना के प्रबंधन के अध्ययन हेतु राजस्थान आई है।

टीम ने पहले दिन निःशुल्क दवा योजना के तहत दवाओं की आपूर्ति एवं वितरण प्रक्रिया को समझने के लिए जयपुर शहर में मानसरोवर में किरण पथ स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सोडाला में देवीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण किया। यहां आरएमएससीएल के अधिकारियों ने दवाओं की आपूर्ति प्रक्रिया, वितरण एवं अवधिपार दवाओं के निस्तारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, ई–औषध सॉफटवेयर के माध्यम से दवा आपूर्ति के ऑनलाइन प्रबंधन के बारे में भी अवगत कराया।

शाम को मध्यप्रदेश के अधिकारियों ने दवाओं की भण्डारण व्यवस्था को समझने के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल स्थित मेडिकल कॉलेज ड्रग वेयरहाउस एवं सीएमएचओ कार्यालय स्थित डिस्ट्रिक्ट ड्रग वेयर हाउस जयपुर प्रथम एवं द्वितीय का भ्रमण किया। उन्होंने यहां दवाओं के भण्डारण की व्यवस्था को करीब से देखा और आवश्यक जानकारी ली। टीम में एमपीपीएचसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. पंकज जैन, महाप्रबंधक प्रोक्योरमेंट डॉ. राजेश गुप्ता, महाप्रबंधक वित्त श्री विशाल शर्मा, महाप्रबंधक गुणवत्ता श्री अभिनव सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

मध्यप्रदेश की टीम बुधवार को जयपुरिया हॉस्पिटल एवं आमेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण करेगी तथा स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में निःशुल्क दवा योजना के विस्तृत प्रस्तुतीकरण का अवलोकन एवं मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करेगी।

पीड़ित मुक्त राजस्थान अभियान की शुरूआत, सड़क किनारे बैठे आश्रयहीन, असहाय, बीमार, लावारिस प्रभुस्वरूप पीड़ितों का करेंगे इलाज

चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)। धौलपुर जिले से आज विशेष रेस्क्यू अभियान की शुरुआत राजस्थान को आश्रयहीन,असहाय, निःशक्त, लावारिस मुक्त कराने के उद्देश्य से संस्था मां माधुरी बृज वा-रस सेवा सदन ''अपना घर'' तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विशेष रेस्क्यू अभियान संपूर्ण राजस्थान में एक साथ चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में अपना घर संस्थान धौलपुर एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग धौलपुर की ओर से सोमवार को विशेष रेस्क्यू अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान धौलपुर शहर जैसे रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थल सहित ग्रामीण क्षेत्र में टीमें निरीक्षण करते हुए निराश्रितों का इलाज करने के साथ ही उन्हें रहवासीय सुविधा भी उपलब्ध करवायी जायेगी। अभियान 19 अक्टूबर 2024 तक चलाते हुए प्रभुजनों को भर्ती किया जायेगा। रेस्क्यू किये प्रभुजनों की सूचना संबंधित थाने में इंद्राज की जायेगी एवं उनका पुनर्वास किया जायेगा। संस्था अपना घर आश्रम बाड़ी द्वारा अपना हेल्पलाइन नंबर 8949838684 जारी किया गया है। हेल्पलाईन नंबर पर जिले का कोई भी आम नागरिक सूचना दे सकता है। सोमवार को जिले से विशेष रेस्क्यू अभियान का शुभारम्भ आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद द्वारा एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह जांगल, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अपना घर आश्रम से सुनील गर्ग, सरंक्षक, राजुद्दी खान, अध्यक्ष, वासुदेव गर्ग, संरक्षक, एड. मुकेश बंसल, एड. कीर्ति राजावत, एड. जितेन्द्र चौहान, श्याम मनोहर कुलश्रेष्ठ, समाज कल्याण विभाग से बीएसएसओ मनीराम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

सवाई मान सिंह इनडोर स्टेडियम में होंगे मुकाबले

ऑल इंडिया हनुमान सिंह हैंडबॉल 16 से 18 अक्टूबर तक जयपुर में

- **देश की शीर्ष दस महिला टीमें लेगी भाग**
- **अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आरती को राजस्थान टीम की कमान**



चमकता राजस्थान

जयपुर। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ व हनुमान सिंह फाउंडेशन द्वारा 19वीं ऑल इंडिया स्व. श्री हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर के सवाई मान सिंह इनडोर स्टेडियम में 16 से 18 अक्टूबर, 2024 तक किया जायेगा। यह प्रतियोगिता वत्सल ग्रुप द्वारा प्रायोजित की जा रही है।

राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव तथा प्रतियोगिता के आयोजन सचिव यश प्रताप सिंह ने इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट की जानकारी देते हुये बताया कि महिला वर्ग में खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में मेजबान राजस्थान सहित देश की शीर्ष दस टीमें भाग लेगी। जिसमें भारतीय रेलवे, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान पुलिस, मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी (हिमाचल प्रदेश) आदि प्रमुख टीमें हैं।

यश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में भारतीय रेलवे, बिहार, राजस्थान पुलिस, हिमाचल प्रदेश व पंजाब है, जबकि पूल बी में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात व मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी है। प्रतियोगिता लीग कम नाकआउट आधार पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों को श्री हनुमान सिंह ट्रॉफी से सम्मानित किया जायेगा।

यश प्रताप सिंह ने बताया कि इस चैंपियनशिप में 73 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग ले रही है, जिसमें भारतीय रेलवे में 12, हिमाचल प्रदेश में 12, मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी (हिमाचल प्रदेश) में 12, गुजरात में 8, पंजाब में 7, राजस्थान पुलिस में 7, राजस्थान में 7, हरियाणा में 4, उत्तर प्रदेश में 3 एवं बिहार में एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं।

बुधवार को सुबह व शाम के सत्र में आठ मैच खेले जायेंगे।

» सुबह के सत्र में होने वाले मैच :–

भारतीय रेलवे बनाम बिहार
मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी बनाम उत्तर प्रदेश
राजस्थान बनाम गुजरात
हिमाचल प्रदेश बनाम राजस्थान पुलिस

» शाम के सत्र में होने वाले मैच :–

भारतीय रेलवे बनाम पंजाब
हरियाणा बनाम मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी
उत्तर प्रदेश बनाम राजस्थान
बिहार बनाम हिमाचल प्रदेश

यश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के रहने-खाने, परिवहन आदि की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जा गई हैं। प्रतियोगिता से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

राजस्थान टीमः आरती (कप्तान), पूजा गुर्जर ,टीना, मनीषा , मुस्कान, चेतना शर्मा, नोरती मेवारा, ममता, सीमा मीणा, रेखा, यशोदा धाकर, काजल गुर्जर ।कोच - मनीषा राठौड़ , मैनेजर- एरंता मीणा, फिजियो-सत्य प्रिया, एसएनसी-विवेक।

आयोजन सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन सुबह 8.45 बजे होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक होंगे। समारोह की अध्यक्षता वत्सल ग्रुप के चेयरमैन ललित गुप्ता करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव डा. आनन्देश्वर पांडे, राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह होंगे।

संक्षिप्त समाचार

17 अक्टूबर को आयोजित होगा जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम

- कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा कार्यक्रम
- वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव भी देंगे आवश्यक दिशा-निर्देश

चमकता राजस्थान। जयपुर,! (खलील कुरैशी) 15 अक्टूबर। जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 17 अक्टूबर, 2024 (गुरुवार) को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे।इससे पहले गुरुवार को ही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक प्रातः 10:30 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक में समिति में दर्ज प्रकरणों पर गहनता से चर्चा की जायेगी।

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल जयपुर प्रथम ने लिए घी व मावा मिठाई के नमूने..

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम, 15 अक्टूबर ' राज्य सरकार द्वारा त्योहारों को ध्यान में रखते हुए चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल जयपुर प्रथम ने मंगलवार को जोहरी बाजार स्थित नारायण घी वाले से घी का नमूना, श्याम सेल्स कॉरपोरेशन से घी का नमूना, घी वालों का रास्ता स्थित गोपी दूध भंडार से मावा मिठाई का नमूना जांच हेतु लिया गया साथ ही सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को शुद्ध खाद्य सामग्री एवं साफ सफाई रखने की हिदायत दी गई कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन सिंह गोदारा, नरेश कुमार चेजारा व नरेंद्र शर्मा शामिल रहे '

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जिला जयपुर प्रथम द्वारा शक्ति दिवस का किया आयोजन

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम, 15 अक्टूबर ' जिला जयपुर प्रथम में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग,हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ.विजय सिंह फौजदार ने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) जयपुर प्रथम डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि अभियान के तहत बच्चों, उन महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

देवनानी को रिनेनसेंस ऑफ इंडियन ऐज्यूकेशन रिफार्मस पुस्तक भेंट

चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 अक्टूबर। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को मंगलवार को यहां विधान सभा में एम्स, नई दिल्ली के पूर्व रिसर्च फेलो संजीव नारायण माथुर ने अपनी नव प्रकाशित कृति रिनेनसेंस ऑफ इंडियन ऐज्यूकेशन रिफार्मस पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट की। पुस्तक के लेखक माथुर ने बताया कि उन्होंने वासुदेव देवनानी के विभिन्न समाचार पत्रों में नई शिक्षा नीति पर प्रकाशित आलेखों से प्रेरित होकर नई शिक्षा नीति से आने वाले विभिन्न बदलावों का पुस्तक में समावेश किया है। देवनानी ने पुस्तक के लेखक माथुर को बधाई और शुभकामनाएँ दी। इस मौके पर सोनिया माथुर, शरद राजवंशी गौरव माथुर और रवि दिलवारिया भी मौजूद थे।

जैसलमेर जिले में थाना लाठी पुलिस की कार्रवाई

पोकरण फील्ड फायरिंग रेन्ज में चोरी करने वाले संगठित गिरोह का किया पर्दाफाश

महत्वपूर्ण संचार सामग्री व डीजल चोरी करने वाला मुख्य सरगना गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बोलेरो कैम्पर जब्त

चमकता राजस्थान

जयपुर/जैसलमेर !(खलील कुरैशी) 15 अक्टूबर। जैसलमेर जिले की थाना लाठी पुलिस ने पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर महत्वपूर्ण संचार सामग्री व डीजल चोरी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना रमजान उर्फ लादेन पुत्र बचाएं खान निवासी लाठी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो गाड़ी जब्त की है एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि थाना लाठी पर रिपोर्ट प्राप्त हुई थी कि 13 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों द्वारा जनरेटर के पास रखा 200 लीटर डीजल से भरा एक ड्रम व 12 किलोमीटर लम्बी संचार लाईन के तार चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए थाना लाठी पहुंच उन्होंने प्रकरण की जानकारी प्राप्त कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार व सीओ पोकरण भवानी सिंह को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए।एसएचओ लाठी सुखराम के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं मुखबिर सहायता से गिरोह के मुख्य सरगना रमजान उर्फ लादेन को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफतार किया गया। मुल्जिम से मनौवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर इसने अपने साथियों रईश, घनश्याम भील व गोविन्द भील निवासी लाठी के साथ मिलकर अपनी बोलेरो कैम्पर से डीजल चोरी करना बताया मुल्जिम रमजान उर्फ लादेन ने पूछताछ पर बताया कि 11 अक्टूबर की रात उसने साथी प्रकाश भील, घनश्याम भील व गोविन्द भील के साथ मिलकर स्वयं की गाडी कैम्पर व घनश्याम की कैम्पर गाड़ी से पोकरण फील्ड फायरिंग रेन्ज एवं अन्य सैन्यक्षेत्रो विशेषकरपीएफएफआर से करीब 12 किलोमीटर कम्प्यूनिकेशन वायर चुराया था। जिस पर प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। मुल्जिम से विस्तृत पूछताछ व अनुसंधान जारी हैं। प्रकरण में शामिल अन्य मुल्जिमों की सरगर्मी से तलाश जारी हैं।

- **सैन्य क्षेत्रों में संगठित गिरोह के खुलासे के लिए एसआईटी का किया गठन**

» एसपी चौधरी ने बताया कि उन्होंने स्वयं थाना लाठी पहुंच मुल्जिम से पूछताछ की। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में पूर्व में विभिन्न गिरोह द्वारा कई बार संवेदनशील मेटेरियल, टैंक पाट्र्स आदि चोरी किए गए हैं, मगर उसकी कोई एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई। इनके गिरोह द्वारा भी पूर्व में कई वर्षों से लगातार चोरियां की जाती रही हैं। जिला पुलिस द्वारा इसी वर्ष टैंक पाट्र्स चोरी के प्रकरण में सात मुल्जिमों को गिरफतार कर कोर्ट में पेश किया जा चुका हैं मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण के सुपरविजन में सीओ पोकरण, थानाधिकारी लाठी, थानाधिकरी मोहनगढ़, थानाधिकारी नाचनाथानाधिकारी सदर की एसआईटी का गठन किया गया हैं जो उनके निर्देशन में एसओपी के अनुसार उच्च कोटी का अनुसंधान सम्पादित कर वारदातों का पर्दाफाश करेंगे। मुल्जिम रमजान उर्फ लादेन के विरूद्ध हिस्ट्रीशीट पत्रावली खोलने की प्रकिया पृथक से प्रारम्भ की गई।गुण्डा एक्ट की कार्यवाही पृथक से की जा रही है।

17 अक्टूबर को राजधानी जयपुर में आयोजित होने जा रहा राष्ट्रीय स्तरीय अधिवेशन का भव्य आयोजन

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ के तत्वावधान में हो रहा आयोजित

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) 15,अक्टूबर। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ का एकदिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 17 अक्टूबर, गुरुवार को जयपुर के मानसरोवर एक्सटेंशन में आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में देशभर से 300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस अधिवेशन में पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्गों की शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही, इन वर्गों के विकास के लिए बनाई गई योजनाओं के क्रियान्वयन पर विचार किया जाएगा और यह देखा जाएगा कि किस हद तक इन योजनाओं का लाभ संबंधित वर्गों तक पहुंच सका है।अधिवेशन के साथ-साथ एक कार्यकर्ता सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें राजस्थान के विभिन्न जिलों के महासंघ के अध्यक्ष, महासचिव और अन्य प्रतिनिधि भाग लेंगे।महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय सिरसी ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 अक्टूबर को होने वाले इस अधिवेशन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ. मदन यादव ने की और इसमें महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव जगदीश यादव, प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार मेहरड़ा, सुरेंद्र जलतुरिया, मनोज , हेमराज चौधरी, भागचंद चौधरी, गुलाबचंद यादव और भंवरलाल यादव सहित अन्य प्रदेश प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक के दौरान, राष्ट्रीय अधिवेशन में आने वाले प्रतिनिधियों की व्यवस्था के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन भी किया गया।अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:श्रवण कुमार मेहरड़ा (महासचिव) फोनः 93146 33388, 94142 22284 गौरतलब है कि इस राष्ट्रीय अधिवेशन के आयोजन के संबंध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है।

बारां में उप तहसील सीसवाली का नायब तहसीलदार 8 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी)15 अक्टूबर, सोमवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की बारां इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये श्री बाबूलाल गोचर, नायब तहसीलदार, उप तहसील सीसवाली, जिला बारां को परिवादी से 8 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की बारां इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि परिवादी को उसकी दुकान का अतिक्रमण हटाने का नॉटिस व मामला रफादफा करने की एवज में श्री बाबूलाल गोचर, नायब तहसीलदार, उप तहसील सीसवाली द्वारा 8 हजार रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी कोटा के उप महानिरीक्षक पुलिस शिवराज मीणा के सुपरवीजन में एसीबी की बारां इकाई के उप अधीक्षक पुलिस श्री प्रेमचंद मीणा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी बाबूलाल गोचर, नायब तहसीलदार को परिवादी से 8 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैएसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

कस्बा नवलगढ मे अवैध रुप से ऑनलाईन गेमिंग खिलाते हुए 4 आरोपी गिरफ्तार

एजीटीएफ झुंझुनूं व थाना नवलगढ़ पुलिस की ऑनलाईन सट्टे के खिलाफ संयुक्त बड़ी कार्रवाई

चमकता राजस्थान

जयपुर/झुंझुनू!(खलील कुरैशी) 15 अक्टूबर। एजीटीएफ झुंझुनू एवं नवलगढ़ थाना पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नवलगढ़ कस्बे मे अवैध रुप से ऑनलाईन गेमिंग खिलाते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर एक एप्पल आईपैड, 13 मोबाईल, एक फाईबर सैट, एक बैंक पासबुक, 05 मोबाईल चार्जर व दो डाटा केबिल जब्त की है।एसपी शरद चौधरी ने बताया कि सोमवार को थानाधिकारी सुगन सिंह को गश्त के दौरान एजीटीएफ टीम के कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार ने सूचना दी कि स्टेशन रोड, पोद्दार पैवेलियन के सामने रणसिंह जाट के मकान में ऑनलाईन अवैध रूप से जुआ चल रहा है। सूचना पर दोनों टीमें रण सिंह के मकान मे पहुंची। जहां पहली मंजिल पर सीढ़ीयों के पास बने कमरे में चार व्यक्ति फर्श पर गद्दे डालकर बैठे हुये मिले इन चारो के बीच में मोबाईल फोन, चार्जर, एक्सटेंशन बिजली बोर्ड, डाटा केबिल व एक बैंक पास बुक तथा एक आईपैड मिले। नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम संजीव कुमार मेघवाल पुत्र दुर्गाराम (28) निवासी भोजासर थाना मण्डावा, दूसरे ने राकेश कुमार जाट पुत्र बिरजू सिंह (36) निवासी ढाका की ढाणी थाना नवलगढ़, तीसरे ने पंकज सैनी पुत्र हरिप्रसाद (23) निवासी अमृत नाथ आश्रम के पास, थाना फतेहपुर कोतवाली जिला सीकर तथा चौथे ने हरप्रीत सिंह पुत्र मंजीत सिंह सिख (32) निवासी वार्ड न. 17 गुरुदासपुर पंजाब होना बताया।चारों व्यक्तियों द्वारा गेम के सट्टे पर खाई वाली व लगाई वाली करते पाए जाने पर तलाशी में मिले सभी उपकरणों को जब्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनसे गहनता से अनुसंधान व पूछताछ जारी है इस कार्रवाई में एजीटीएफ के कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार व अमित कुमार की विशेष भूमिका रही। टीम में थाना नवलगढ़ से एसएचओ सुगन सिंह, हैड कांस्टेबल शुभकरण, कांस्टेबल मुकेश, मनोज कुमार व चालक प्रेम चन्द, एजीटीएफ से हैड कांस्टेबल विक्रम सिंह, कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार, विक्रम सिंह, अंकित कुमार आला, अमित मोटसरा, बुलेश कुमार व चालक पवन कुमार शामिल थे।

एक आईपैड, 13 मोबाईल, एक फाईबर सैट, एक बैंक पासबुक, 05 मोबाईल चार्जर व दो डाटा केबिल जब्त

चिकित्सा संस्थानों में साफ–सफाई और आधारभूत रख–रखाव के लिए चलेगा अभियान

सुधार नहीं होने पर संस्थान प्रभारी की जिम्मेदारी होगी तय : गायत्री राठौड़

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 15 अक्टूबर। प्रदेशभर के सभी चिकित्सा संस्थानों में साफ–सफाई एवं आधारभूत रख–रखाव में सुधार के लिए अभियान चलाया जाएगा। सभी संस्थानों को मिशन मोड में 30 अक्टूबर तक निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वच्छता, अनुपयोगी वस्तुओं की नीलामी एवं मेंटीनेंस सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि के बाद राज्य स्तर से अधिकारियों की टीमें प्रदेशभर के चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करेगी। अपेक्षा अनुरूप सुधार नहीं पाए जाने पर संबंधित प्रभारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न विषयों पर समीक्षा करते हुए ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी अधिकारी–कार्मिक इसी सोच के साथ चिकित्सा संस्थानों में मानकों के अनुरूप सुधार सुनिश्चित करें। कहीं भी लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। राठौड़ ने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी सुनिश्चित करें कि अस्पताल का परिसर, शौचालय, सार्वजनिक स्थान, गलियारे आदि साफ–सुथरे हों। भवन में विद्युत उपकरण क्रियाशील हों एवं बिजली के तार व्यस्थित हों। दरवाजे–खिड़कियां आदि टूटे हुए नहीं हों। दीवारों एवं छतों पर पर प्लास्टर एवं रंग–रोगन की स्थिति ठीक हो। अस्पताल में रोगियों की सुविधा के लिए साइनेज आवश्यक रूप से लगे हों। बायो मेडिकल वेस्ट की निस्तारण की समुचित व्यवस्था हो। अस्पताल परिसर में कबाड़ आदि जमा नहीं हो। अनुपयोगी वस्तुओं की नियमानुसार तुरंत प्रभाव से नीलामी की जाए।

तत्काल प्रभाव से करवाएं मेंटीनेंस, उपलब्ध बजट का करें समुचित उपयोग

» प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि संस्थान प्रभारी अस्पताल की स्थिति में सुधार के लिए मेंटीनेंस के कार्य तत्काल प्रभाव से करवाएं। इसके लिए वार्षिक रख–रखाव के लिए उपलब्ध बजट का समुचित उपयोग किया जाए। तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आरएमआरएस में उपलब्ध बजट का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार एवं आधारभूत रख–रखाव के कार्यों के लिए स्थानीय दानदाताओं एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से भी सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। मौसमी बीमारियों पर करें प्रभावी नियंत्रण राठौड़ ने कहा कि विगत दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौसमी बीमारियों का प्रसार हुआ है। इस पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। सभी चिकित्सा संस्थानों में जांच एवं उपचार व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखी जाएं। संक्रमण की रोकथाम के लिए एंटीलार्वा, सोर्स रिडक्शन, फोगिंग आदि गतिविधियां सघनता के साथ की जाएं। जिन जिलों में केस ज्यादा आ रहे हैं, वहां विशेष रूप से फोकस किया जाए। राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ ही संयुक्त निदेशक जोन, सीएमएचओ एवं अन्य अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करें।

बजट घोषणाओं को टाइमलाइन में करें पूरा

प्रमुख शासन सचिव ने बजट घोषणाओं की भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि स्वास्थ्य से जुड़ी सभी बजट घोषणाओं को टाइमलाइन में पूरा किया जाए। नए भवनों के निर्माण के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। साथ ही, नियमित मॉनिटरिंग करते हुए बजट घोषणाओं पर प्रभावी कार्यवाही की जाए।

माइक्रो प्लान बनाकर सुधारें चिकित्सा संस्थानों की स्थिति

» चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासन सचिव अम्बरीष कुमार ने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी अपने नियंत्रणाधीन भवनों के मेंटीनेंस के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर जल्द से जल्द कार्य शुरू करें। सभी भवनों को ब्लॉक में विभाजित कर हर ब्लॉक की देखभाल के लिए एक टीम बनाकर उसकी जिम्मेदारी तय की जाए। सेवा प्रदाता फर्म को दिए जाने वाले कार्यादेश में आगामी 6 माह की दोष दायित्व अवधि शामिल की जाए। चिकित्सा संस्थान के समुचित रख–रखाव एवं उन्नयन कार्यों हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए।

दवाओं की सुचारू आपूर्ति के लिए समय पर भेजें डिमांड–

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में दवाओं की सुचारू आपूर्ति के लिए ई–औषध सॉफ्टवेयर पर डिमांड समय पर जनरेट की जाए। साथ ही आवश्यकतानुसार दवाओं का नियमानुसार इंटर डिस्ट्रिक्ट एवं इंटरा डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जांच मशीनों की आपूर्ति के बाद सभी चिकित्सा संस्थान उसका उपयोग सुनिश्चित करें। जांच मशीनों की स्थिति के संबंध में ई–उपकरण पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेशन किया जाए।

मिलावट पर रखें विशेष निगरानी–

» खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने कहा कि दीपावली के त्योहार को देखते हुए सभी जिलों में मिलावट पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने ईट राइट अभियान को बढ़ावा देते हुए आमजन को इसके बारे में जागरूक करने, मोबाइल फूड टेस्टिग लैब का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करते हुए मिलावट की जांच किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थ निर्माताओं से साफ–सफाई एवं हाईजीन के मानकों की पालना सुनिश्चित करवाई जाए। आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थों के उपयोग एवं मिलावट से बचाव के लिए व्यापक रूप से आईईसी गतिविधियां की जाएं।

डिप्थीरिया प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगी राज्य स्तरीय टीम

» राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक भारती दीक्षित ने कहा कि डीग जिले में डिप्थीरिया से बच्चों की मौत होना चिंताजनक है। राज्य स्तर से अधिकारी प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लें और सुनिश्चित करें कि डिप्थीरिया के लक्षण नजर आने पर बच्चों को एंटी डॉट तत्काल लगाई जाए। उन्होंने टीकाकरण कार्यक्रम गुणवत्ता के साथ संचालित करने तथा बजट घोषणाओं पर मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में निदेशक आईईसी शाहीन अली, निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत, अतिरिक्त निदेशक राजपत्रित डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य डॉ. प्रवीण असवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, अधीक्षक, संयुक्त निदेशक जोन, उप निदेशक जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, जिला शिशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता, लेखा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, बीसीएमओ एवं खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक आदि भी वीसी से जुड़े।

संक्षिप्त समाचार

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा आयोजित हुआ मिसाईल मैन एपीजे अब्दुल कलाम का भव्य 93 वा जयंती समारोह

- कलाम ने देश के लिए कर दिखाया अद्भुत ,अद्वितीय कमाल :- जमाल सिद्दीकी

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) दिनांक 15 अक्टूबर 2024 झुंझुनू। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान द्वारा राजघराना रिसोर्ट्स, झुंझुनू में मिसाइल मैन एपीजे कलाम की 93वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने ₹कलाम तुझे सलाम₹ का नारा देते हुए कहा कि मिसाइल मैन को राष्ट्रपति बना कर भाजपा ने एक वैज्ञानिक का सम्मान किया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने कलाम को दूसरी बार राष्ट्रपति बनने में रोड़े अटका कर महापाप किया था।झुंझुनू जिला प्रभारी और कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने युवाओं को कलाम से प्रेरणा लेने का आ''ान किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा केप्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने कलाम जयंती को सरकारी पर्व बनाए जाने की मांग की। कार्यक्रम में 21 प्रतिभाओं का और 51 वीरांगनाओं का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में इस अवसर पर खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, सैनिक कल्याण बोर्ड के चेयरमैन प्रेम सिंह बाजोर, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, नरेंद्र खीचड़, पूर्व विधायक रणवीर गुड्डा, मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर मजीद मलिक कमांडो, जोसेफ जान हॉकिंग, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मुमताज भाटी, पूर्व हज कमेटी अध्यक्ष फिरोज खान, प्रदेश प्रवक्ता के.के जानू,भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, संतोष अहलावत, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया, भाजपा झुंझुनू जिला अध्यक्ष बनवारी सैनी, पूर्व प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, कार्यालय सहप्रभारी रजनीश चनाना, मोर्चे के प्रदेश महामंत्री रमजान चोपदार, मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब खान, जंग बहादुर पठान, फारूक राणा, रमजान अब्बासी,कार्यक्रम संयोजक आसिफ खान जाज प्रदेश सह कोषाध्यक्ष ज़मेरदीन तेली,मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक ऋषभ जैन, जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा, पूर्व सभापति खालिद हुसैन, राज्य हज कमेटी सदस्य रियाज फारुकी, मेहनाज पटेल,मोर्चा जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान, आजम राठौड़, जिला महामंत्री लुकमान खान, रुस्तम अली कांत, सैयद शोएब, खलील सिलावट, ताहिर कुरैशी, इमरान खान इत्यादि लोग सहित सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।कार्यक्रम में धन्यवाद जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान और मंच का संचालन मोर्चा प्रदेश मंत्री एडवोकेट मुराद अली शेख ने किया।

आगरा मंडल में 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक मनाया गया

चमकता राजस्थान

जयपुर/आगरा !(खलील कुरैशी) भारत सरकार के राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल में मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा 01.10.2024 से 15.10.2024 तक मनाया गया । इस अभियान के अंतर्गत आगरा मण्डल में स्वच्छता शपथ, स्वच्छ नीर, स्वच्छ प्रसाधन, स्वच्छ भारत दिवस, स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ रेलगाड़ी, स्वच्छ पटरी, स्वच्छ आहार व स्वच्छ पर्यावरण एवं एकल प्लास्टिक रहित दिवस मनाकर स्वच्छता अभियान में साफ-सफाई के साथ यात्रियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया स्वच्छता पखवाड़े के दौरान आगरा मण्डल में महात्मा गांधी जयंती मनाई गयी, स्काउट एवं गाइड के बच्चों द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए रैली निकाली गयीं, नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए और स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान के साथ श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान राजभाषा एवं कार्मिक शाखा के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ,निबंध प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजनकियागय ा,प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले एवं स्वच्छता पखवाड़े के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक आगरा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया इस अभियान के दौरान आगरा मण्डल के प्रमुख स्टेशनों आगरा कैंट ,मथुरा जंक्शन, आगरा फोर्ट, फतेहपुर सीकरी ,कोसीकला धौलपुर, अछनेरा जंक्शन एवं गाड़ियों में सघन स्वच्छता अभियान चलाए गए। इस अभियान में रेल पटरी, रेलवे परिसर, और रेलवे परिसर के प्रसाधनों में साफ-सफाई की गयी। इस अभियान में स्वच्छ आहार और स्वच्छ नीर उपलब्ध कराने के लिए फूड स्टाल, कैंटीन, पैन्ट्रीकार और पेयजल सुविधाओं के मानकों को चेक किया गया और संबंधित स्टाफ को भी काउंसल किया गया। इसी क्रम में स्वच्छ पर्यावरण का संदेश देते हुए एकल-उपयोग प्लास्टिक को रोकने के लिए भी जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में अधिकारियों एवं निरीक्षकों/सुपरवाइज़रों ने संबंधित कर्मचारियों को स्वच्छता के अभाव में फैलने वाली बीमारियों एवं समस्याओं के विषय में जागरूक किया । इस अवसर पर पर्यावरण को बेहतर बनाने के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी सभी को जागरूक किया गया'

राजस्थान विधानसभा उपचुनाव-2024

मतदान 13 नवम्बर को होगा, 23 नवम्बर को मतगणना

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता की
- स्वतंत्र,निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान और आदर्श चुनाव आचार संहिता का सुनिश्चित पालन ही प्राथमिकता:- नवीन महाजन

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) 15 अक्टूबर। राजस्थान विधानसभा में 7 रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवम्बर को होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार इन सीटों पर मतगणना महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभाओं के लिए मतगणना के साथ ही 23 नवम्बर को होगी। राज्य में झुंझुनूं, रामगढ़ (अलवर), दौसा, देवली-उनियारा (टोंक), खींवसर (नागौर), सलूम्बर (उदयपुर) और चौरासी (डूंगरपुर) विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने इस बारे में मंगलवार को राज्य के विभिन्न मान्यता प्राप्तराजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सचिवालय में बैठक कर उन्हें विधानसभा उपचुनाव-2024 के कार्यक्रम तथा आदर्श चुनाव आचार संहिता की जानकारी दी । निर्वाचन विभाग ने सभी दलों से स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान तथा आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करवाने में सहयोग करने का आग्रह किया।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव की घोषणा के साथ ही संबंधित राजस्व जिलों में आचार संहिता लागू हो गयी है। आचार संहिता दौसा और डूंगरपुर में सम्पूर्ण जिले में तथा अलवर, झुंझुनू, टोंक, नागौर और सलूम्बर के नवीन पुनर्गठित राजस्व जिलों में लागू रहेगी। उप चुनाव के लिए अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी होगी और उसके साथ ही उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी जो 25 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी एवं 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।महाजन ने कहा कि निर्वाचन आयोग के नियमानुसार चुनाव में भाग लेने वाले सभी प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों को अपनी वेबसाइट, टीवी चैनल्स, राष्ट्रीय एवं स्थानीय समाचार पत्रों में प्रत्याशी की आपराधिक पृष्ठभूमि का विवरण कम से कम तीन बार प्रकाशित, प्रसारित करवाना होगा। उन्होंने कहा कि पोलिंग एजेंट को यह निर्देश दिया जाए कि वे मतदान के दिन सुबह मतदान शुरू होने से 90 मिनट पूर्व ईवीएम मशीन पर मॉक पोल के लिए आवश्यक रूप से मौजूद रहें।

7 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 19.36 लाख मतदाता

» मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के दौरान 19,36,533 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे, 7 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1,862 मतदान केंद्र और 53 सहायक मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। महाजन ने बताया कि सभी संबंधित जिलों में मीडिया प्रकोष्ठ और मीडिया में जारी होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों के अधिप्रमाणन के लिए जिला स्तरीय समितियों का गठन किया जा चुका है। उन्होंने अधिकाधिक मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने, नए मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया और ईवीएम की जानकारी देने तथा उपचुनाव के दौरान लोगों की अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया कार्मिकों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों के निस्तारण हेतु सी–विजिल एप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे अभियानों, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा सहित स्वीप गतिविधियों, मतदाता सूचियों के अपडेशन, चुनावी खर्च की मॉनिटरिंग पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मतदाता जागरूकता तथा आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में मीडिया की प्रभावी भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने मीडियाकर्मियों से इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होकर निष्पक्ष, भयमुक्त और धनबल के प्रभाव से रहित चुनाव संपन्न कराने में सहयोग का आ''ान किया।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने ली बैठक

बेहतरीन प्रबन्धन के दिए निर्देश, समस्त गतिविधियों के लिए उपलब्ध रहेगा पर्याप्त बजट

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी)15 अक्टूबर।पुष्कर पशु मेला-2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मंगलवार को अजमेर जिले में आरटीडीसी होटल सरोवर में पुष्कर मेला-2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक लेकर बेहतरीन प्रबन्धन के निर्देश दिए। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु द्वारा विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए।जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि पुष्कर मेला अन्तर्राष्ट्रीय महत्व का है। इस मेले के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। इनके लिए समस्त सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाये। सुविधाओं के साथ-साथ संसाधनों का भी बेहतरीन प्रबन्धन करें। यह हम सभी का सम्मिलित आयोजन है। जन सहभागिता से प्रशासन इसमें हमेशा उत्कृष्ट कार्य करता आया है। इस वर्ष भी सभी के सहयोग से यादगार मेला होना चाहिए।उन्होंने कहा कि मेले के दौरान सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में लगातार सफाई सुनिश्चित करें। इसके लिए आवश्यक मानवीय संसाधन लगाएं। पुष्कर सरोवर के घाटों की भी लगातार सफाई करें। घाटों को फिसलनमुक्त बनाया जाये। सरोवर भरा होने के कारण सफाई की विशेष आवश्यकता रहेगी। मेला क्षेत्र में बड़े कचरा पात्र रखवाकर समय-समय पर खाली करवाना सुनिश्चित करें। मोबाईल शौचालय भी पर्याप्त संख्या में कार्यशील रखें। उन्होंने मेला क्षेत्र में फोगिंग, छिड़काव तथा एंटी लार्वा एक्टीविटी करके मौसमी बीमारियों को फैलने से रोकने, मेले के दौरान पेयजल की अतिरिक्त मात्रा उपलब्ध करवाने, मानक गुणवत्ता का प्रसाद बिकना सुनिश्चित करने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त भोज्य पदार्थों की लगातार सेम्पलिंग जांच करने, ब्रह्मा मन्दिर के आस-पास मिलावट रहित शुद्ध एवं सात्विक प्रसाद की बिक्री के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि पुष्कर घाटी की सड़कों तथा रिपेयरिंग वॉल की मरम्मत एवं झाड़ियां हटाने का कार्य मेले से पहले करें। पुष्कर घाटी से बुढ़ा पुष्कर की सड़क को पर्याप्त चौड़ाई के साथ मरम्मत किया जाए। इसी प्रकार बांसेली-तिलोरा, खरेखड़ी, अजयसर,

अम्बा मशीनिया, अजयपालजी को पुष्कर से जोड़ने वाले समस्त रास्तों की मरम्मत भी हो। सराधना से आम्बा मशीनीया तक की सड़क का निर्माण कार्य तत्काल आरम्भ करें। सावित्री मन्दिर से रेल्वे क्रोसिंग की सड़क की मरम्मत भी की जाए। उन्होंनें कहा कि पुष्कर के प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ ही पार्किंग से सरोवर तथा ब्रह्मा मन्दिर तक का ऑटो रिक्शा किराया निर्धारित करें। इससे अधिक वसूली पर कार्रवाई की जाएगी। तीर्थयात्रियों की संख्या के अनुरूप अतिरिक्त रोड़वेज की बसें लगाएं। निर्धारित स्थानों पर से सवारी बैठाने तथा छोड़ने के लिए स्टाफ को पाबन्द करें। सबसे साफ, स्वास्थ्य नियमों की पालना करने वाले भोज्य पदार्थ निर्माताओं को प्रोत्साहित करने के लिए गतिविधि भी आयोजित होगी।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पर्याप्त बजट दिया जाएगा। इसमें कोई कमी नहीं रहेगी। पुष्कर मेले की भव्यता सभी तीर्थयात्रियों के लिए यादगार रहेगी। सरोवर में गन्दा पानी जाने से रोकने के लिए 50 करोड़ रूपये की राशि से कार्य करवाया जा रहा है। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता, पशु स्पर्धा, आध्यात्मिक यात्रा, महाआरती जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। मेले के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि समस्त विभागीय अधिकारियों को सौंपे हुए दायित्व निर्धारित समय पर पूर्ण करने चाहिए। पुष्कर मेले के अन्तर्राष्ट्रीय महत्व को देखते हुए समस्त व्यवस्थाएं चाक चौबन्द की जाए। सरकार द्वारा पुष्कर मेले के सम्बन्ध में जारी निर्देशों की पालना हो। समस्त विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। नवीन मेला मैदान में भी पशुपालकों को समस्त सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। यहां हेल्पडेस्क की स्थापना होगी। इस अवसर पर पुष्कर नगर परिषद सभापति कमल पाठक, अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी, प्रशिक्षु आईएएस महिमा कसाना सहित गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मिलावटखोरों के खिलाफ प्रशासन हुआ सख्त:,दिया प्रभावी को अंजाम

- खाने की चीजों में मिलावट के खिलाफ जारी रहेगा अभियान-एडीएम ओम प्रकाश सहारण

चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड़,(धर्मेंद्र बंसल)। 15 अक्टूबर। मंगलवार को राजस्थान सरकार द्वारा दिवाली विशेष शुद्ध के खिलाफ युद्ध अभियान के तहत ओम प्रकाश सहारण अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटपूतली बहरोड के दिशा निर्देश में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोटपूतली बहरोड डॉ आशीष शेखावत के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने शिकायत पर ग्राम जनक सिंहपुरा नीमराना में फर्म दिकशु एवं वंशु मिल्क एजेंसी पर की कार्रवाई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सहारण ने बताया कि पिछले कुछ दिन से सब स्टैंडर्ड, मिस ब्रांड और हेल्थ के लिए नुकसानदायक फूड आइटम्स के खिलाफ पूरे जिले में अभियान चलाकर कार्रवाई कर रहा हेल्थ डिपार्टमेंट आगे भी लगातार ऐसे ही मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्ती रखेगा। डिपार्टमेंट ने पिछले कुछ दिन में जिले के अलग-अलग हिस्सों में फूड आइटम्स के सैंपल लेने की कार्रवाई की है।एडीएम सहारण ने बताया कि विभाग खाद्य पदार्थों के मामले में केवल सैंपल लेता है जबकि हेल्थ के लिए नुकसानदायक चीजों को मौके पर नष्ट करवा देता है। उन्होंने कहा कि विभाग इस मामले में आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगा। इस दौरान मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सैंपल लेकर जांच के भेजे जाएंगे।अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि काफी दिनों से मिलावटी कलाकंद की बिक्री हाईवे के आसपास के होटल एवं रेस्टोरेंटो पर होने की सूचना मिली थी उसे सूचना को जांच दल द्वारा जांचा गया । जांचने पर सूचना सही पाई गई और उसे पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर मिल्क पाउडर के कटटे रिफाइंड तेल के पीपे ,सूजी की बोरियां मिली। खाद्य सुरक्षा दल द्वारा प्रतिष्ठान के मालिक को फोन पर बात करके मौके पर आने को कहा गया लेकिन मालिक मौके पर नहीं पहुंचा वहां उपस्थित हलवाई और कर्मचारियों द्वारा यह बताया गया की कि हमारे द्वारा मिल्क पाउडर सूजी और रिफाइंड तेल मिलाकर कलाकंद बनाया जा रहा है जो की आसपास के होटल एवं रेस्टोरेंटों पर दूध निर्मित कलाकंद के नाम पर बेचा जाता है। प्रतिष्ठान के मालिक सहीराम पुत्र राम सिंह निवासी जनकपुर नीमराना द्वारा मिलावटी कलाकंद को 150 से 160 रुपए किलो मैं आसपास के सभी होटल एवं रेस्टोरेंटों पर सप्लाई किया जा रहा था जो की दूध निर्मित कलाकंद बता कर 400 से 450 रुपए किलो भाव में बेचा जा रहा है। मौके पर कलाकंद एवं मावे का सैंपल लिया गया इसको जांच के लिए जयपुर प्रयोगशाला में भेजा गया है। मौके पर कारी 50 किलो दूषित कलाकंद एवं 60 किलो बदबूदार मावे को मौके पर ही नष्ट कराया गया। जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन लाल यादव एवं महिपाल गुर्जर उपस्थित रहे।

उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द विश्नोई की उचित मॉनीटीरिंग और कुशल निर्देशन में जेडीए ने दिया प्रभावी कार्रवाई को अंजाम

जयपुर विकास प्राधिकरण ने दो स्थानों पर 4 बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 अक्टूबर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में ग्राम सरना डूंगर में जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि को एवं ग्राम बोयतावाला में जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही ग्राम आखेड़ा चौड़ रामपुरा डाबरी में गैर मुमकिन आम रास्तें की सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सरना डूंगर के खसरा नं. 165 जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा'-अतिक्रमण कर बनाया गये लैटबाथ, बाउण्ड्रीवाल, टीनषेड, लोहे के एंगल, पानी की टंकी अन्य अवैध निर्माण कब्जें-अतिक्रमणों को आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से पूर्णतः ध्वस्तीकरण कर जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बोयतावाला के खसरा नं. 91/211 जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा'-अतिक्रमण कर बनाया गये लैटबाथ, बाउण्ड्रीवाल, 02 कमरें, तारबंदी कर किये गये अवैध निर्माण कब्जें-अतिक्रमणों को आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से पूर्णतः ध्वस्तीकरण कर जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार ग्राम आखेड़ा चौड़ रामपुरा डाबरी में खसरा नं.-832/197, 197/1, 193/1 जेडीए स्वामित्व के गैर मुमकिन आम रास्तें पर कब्जा-अतिक्रमण कर डण्डा बनाकर, तारबंदी कर, झाडियां लगाकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगों आम जन को रास्ते को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था। जिसकी सूचना प्राप्त होते ही जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैरमुमकिन सरकारी आम रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 तथा पुलिस आयुक्तालय जयपुर शहर से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल, स्थानीय पुलिस थाना करधनी, चौमू का जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा जयपुर कैलाश चन्द बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों को हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7 सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

मौलाना आजाद सेवा संस्थान के तत्वाधान में मिसाईल मैन डॉ. कलाम की जयंती समारोह का हुआ भव्य आयोजन

- भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपती डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती पर उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर रहा फोकस
- प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) 15 अक्टूबर मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान परिवार के तत्वावधान में मिसाइल मैन भारत रत्न से सम्मानित प्रसिद्ध वैज्ञानिक भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रपति ए.पी. जे.अब्दुल कलाम की जयंती पर मदरसा अंजुमन इस्लामिया स्कूल में प्रतिभावान छात्रों को बहतरीन नम्बर से पास होने पर स्मृति चिन्ह प्रशस्तिपत्र देकर फूल माला से सम्मानित किया गयासंस्थान के अध्यक्ष शेख बहादुर अली ने बताया कि जयंती समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कद्दावर नेता कैलाश शर्मा, मदरसा अंजूमन इस्लामिया के सदर माजिद सलीम, व्यापार महासंघ के महामंत्री कन्हैया लाल चित्तोड़ा., जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाकिर मंसूरी, पार्षद मोहम्मद शरीफ रंगरेज,भाजपा के इकबाल नेता,मदरसा बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन शाहिद इकबाल भाटी ने कलाम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 15 अक्टूबर 1931 धनुष कोडी गांव रामेश्वरम तमिलनाडु के एक मध्य वर्ग मुस्लिम अंसार परिवार में इनका जन्म हुआ इनके पिता जैनुलाबदीन नातो ज्यादा पढे लिखे थे नाही पैसे वाले वह मछूआरो को नाव कि- राए पर दिया करते थे उनकी पढाई लिखाई मे शुरू से दिलचस्पी थी शिक्षा जारी रखने के लिए अखबार कावितरणकिया.1950 मे मद्रास इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी से अंतरिक्ष मे उपाधी प्राप्त की 1962 मे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन मे आये जहाँ उन्होंने सफलता पूर्वक कई उपग्रह प्रक्षेपण परियोजना मे अपनी भूमिका निभाई 1982 मे रोहिणी उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा के निकट स्थापित किया जुलाई 1992 मे भारतीय रक्षामंत्रालय मे वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त हुए उनकी देख रेख मे भारत ने 1998 मेपोखरण मेअपना दूसरा सफलता परमाणु परीक्षण किया ओर परमाणु शक्ति से संपन्न राष्ट्र की सूची में शामिल हुआ 27 जुलाई 2015 कोदिल का दोरा पढने पर बेहोश होकर गिर पड़े ओर शाम को इस दूनिया से अल्विदा कह गये,समारोह में डाक्टर नासिर हुसैन यूनानी अब्दुल वहीद मुन्ना मास्टर नासिर खान बन्टी मोहम्मद इरफान मंसूरी आदि का सहयोग रहा

प्रदेश में लगातार बढ़ रहें बाल अपराध,

बेलगाम हुई आपराधिक घटनाओं कि श्रृंखला: संगीता गर्ग

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या संगीता गर्ग का कहना है कि राजस्थान में आये दिन नाबालिग बच्चों से उत्पीडन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं । चाहे बलात्कार के हो,मार पीट के, छेड़खानी के या अन्य तरह के । हर तरह के मामलों में लगातार बढ़ोतरी होना सवालियों निशान छोडती है । हो भी क्यों नहीं जहां राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग जो बच्चों से संबंधित समस्याओं पर संज्ञान लेता है, मोनिटरिंग करता है, वह ही मृतप्रायः सा पड़ा है । सबसे दुखद बात यह है पिछले आठ नौ महीनों से आयोग में कोई अध्यक्ष नहीं है, संविधिक आयोग होने के नाते आयोग शक्ति निहित है, बाऊजूद

इसके नियम विरूद्ध जाकर एक अधिकारी को कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया जाता है । लेकिन विडंबना है की उन्होंने भी आज दिन तक कोई एक भी मिटिंग आयोग कार्यालय में नहीं की है । जबकि आयोग में हर महीने 5 मिटिंग करनी आवश्यक होती है, ऐसे में आयोग में कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति ही सुस्त रही । दूसरी तरफ़ राजस्थान में हम नाबालिग बच्चों की बात करे तो रिपोर्ट बताती है की राजस्थान में नाबालिग बच्चों से यौन हिंसा के प्रतिदिन 12 से ज्यादे मामले सामने आ रहे है एवं पिछले तीन महीने में यौन उत्पीडन एवं छेड़छाड़ के 125 से ज़्यादा मामले सामने आये जिनमें से ज़्यादातर नाबालिग बच्चों के मामले है । सदस्य होने के नाते मैनें व्यक्तिगत रुप से स्वयं उपस्थित होकर राज्यपाल , महिला एवं बाल विकास मंत्री, मुख्य सचिव, शासन सचिव बाल अधिकारिता विभाग, ऐजी को पत्र देकर एवं मुख्यमंत्री को मेल के माध्यम से तथा हर सक्षम स्तर तक बाल आयोग से सम्बंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया । पर अफ़सोस आठ से नौ माह बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं । बच्चें भगवान का रुप होते है, आये दिन उनके साथ अत्याचार हो रहे है, सरकार का बच्चों के प्रति लापरवाह होना गंभीर है । बच्चों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए सरकार जल्द से जल्द कार्यवाही करनी चाहिए ।

संक्षिप्त खबरें

वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट इक़बाल की अहलिया के इंतिक़ाल पर मुस्लिम समाज ख़ासकर कुरैश बिरादरी ने जाहिर किया दुख

- बड़ी संख्या लोगों ने शिरकत कर पेश करी खिराज ए अकीदत, घरवालों को दिया आत्मसंबल

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) वरिष्ठ समाजसेवी इकबाल एडवोकेट नोटरी की अहलिया तथा जीशान कुरैशी एडवोकेट की वाल्दा मरहूम रज़िया सुल्ताना का इंतेक़ाल की खबर से कुरैशी बिरादरी एवं मुस्लिम समाज को काफ़ी आघात लगा गौरतलब है कि मरहूमा रज़िया सुल्ताना का इंतिक़ाल 11 अक्टूबर 2024 को जुम्मे के रोज हो गया है, उनकी सोयम की फातिहा शनिवार को हुई जिसमें बड़ी संख्या में जयपुर शहर के वरिष्ठ गणमान्य और स्थानीय लोगों शिरकत कर उन्हें खिराज ए अकीदत पेश कर उनके हक दुआएं मगफिरत की। आपको बता दें कि मरहूमा रज़िया सुल्ताना बड़ी ही मिलनसार और नेक दिल औरत थी, उनके इस फ़ानी ए दूनिया से जाने के बाद अब उनके परिवार में अब उनके शौहर इकबाल एडवोकेट नोटरी एक जाने माने अधिवक्ता है, इसके साथ ही उनकी बड़ी बेटी शबाना कुरैशी ज्वाइंट एल आर,(डिप्टी डायरेक्टर), शासन सचिवालय में है और दामाद जनाब इमरान कुरैशी कमर्शियल टैक्स में प्रोग्रामर के पद पर है। उनके बड़े बेटे मोहम्मद तैयीब, आयकर निरीक्षक है, जबकि छोटे बेटे जीशान कुरैशी एडवोकेट, राजस्थान हाई कोर्ट में अधिवक्ता है। उनके देवर मोहम्मद आबिद और भतीजे मोहम्मद आसिफ एडवोकेट भी राजस्थान हाई कोर्ट में अधिवक्ता है। इनका परिवार जयपुर का एक जाना माना परिवार है जो घीवाला परिवार से मशहूर है, जिसमें वकील, डॉक्टर और इंजीनियर है। इस गमगीन मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने खुदा से दुआ कर मरहूमा रज़िया सुल्ताना के दरजात बुलंद करने और जन्नतुल फ़िरदौस में आला मक़ाम अता फ़रमाने और उनके घरवालों को सब्र अता करने की दुआएं करी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शमी का खेलना संभव नहीं : रोहित शर्मा

बेंगलुरु। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मोहम्मद शमी को आस्ट्रेलिया के आगामी टेस्ट दौरे से लगभग बाहर कर दिया है और कहा कि टखने की सर्जरी से उबरने में इस तेज गेंदबाज के घुटने में सूजन के कारण बाधा आ रही है और इस बड़े मुकाबले के लिए उन्हें उतारना सही नहीं होगा। शमी ने आखिरी बार भारत के लिए पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल में खेला था और उसके बाद से टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर यहां संवाददाताओं से कहा ईमानदारी से कहूं तो अभी हमारे लिए यह तय करना मुश्किल है कि वह इस सीरीज या ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए फिट होंगे या नहीं। हाल ही में उनके घुटने में सूजन आ गई थी, जो काफी असामान्य था। उन्होंने कहा वह फिट होने की प्रक्रिया में थे, 100 प्रतिशत के करीब पहुंच रहे थे, उनके घुटने में सूजन आ गई थी।

एलिस पेरी ने टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग, 16वें स्थान पर पहुंचीं

नई दिल्ली। एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एलिस पेरी ने संयुक्त अरब अमीरात में चल रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लीग मैचों में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में उल्लेखनीय प्रगति की है। विश्व कप में पेरी ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 22 रन, न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 रन और भारतीय टीम के खिलाफ 32 रन की पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम रोल निभाया। अपने इस प्रदर्शन के दम पर पेरी ने बल्लेबीजों की रैंकिग में 6 स्थान की लंबी छलांग लगाई है। मंगलवार को जारी ताजा आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई स्टार पेरी 6 स्थान ऊपर उठकर संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उनके 597 रेटिंग अंक हो गए हैं। इस प्रारूप में पेरी की करियर की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी रैंकिंग 14वां स्थान है जो उन्होंने आखिरी बार फरवरी 2020 में हासिल किया था। उनकी टीम की साथी फोएबे लिचफील्ड भी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 30वीं रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। उन्होंने शारजाह में भारत के खिलाफ नौ गेंदों पर नाबाद 15 रन बनाकर टीम की जीत में योगदान दिया था। ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली, भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और बांग्लादेश की निगार सुल्ताना, न्यूजीलैंड की खिलाड़ी अमेलिया केर और इंग्लैंड की डैनी व्याट को भी बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है। एलिसा एक स्थान ऊपर सातवें स्थान पर, हरमनप्रीत कौर एक स्थान ऊपर 11वें स्थान पर, निगार एक स्थान ऊपर 13वें स्थान पर, अमेलिया एक स्थान ऊपर 14वें स्थान पर, डैनी व्याट तीन स्थान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



दीप्ति और रेणुका शीर्ष रैंकिंग के करीब

भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी दीप्ति शर्मा और रेणुका ठाकुर महिला टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। दीप्ति एक स्थान ऊपर और रेणुका ठाकुर दो स्थान ऊपर उठकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंची हैं। इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन गेंदबाजी की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन स्कट और दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है। मेगन स्कट चार स्थान ऊपर उठकर छठे स्थान पर, नॉनकुलुलेको छह पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंची हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड ने पहली बार 700 रेटिंग अंक तक पहुंचकर करियर की सर्वश्रेष्ठ 11वीं रैंकिंग हासिल की।

अर्जेंटीना को बोलीविया के खिलाफ मैक एलिस्टर की वापसी की उम्मीद

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी मंगलवार को बोलिविया के खिलाफ अपने घरेलू विश्व कप क्वालीफायर के लिए एलेक्सिस मैक एलिस्टर की वापसी का अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा करेंगे। मैक एलिस्टर गुरुवार को वेनेजुएला के साथ एल्बिसेलेस्टे के 1-1 से ड्रॉ मैच में चोट के कारण नहीं खेल पाए थे, लेकिन उन्होंने प्रशिक्षण फिर से शुरू कर दिया है और ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो मोनुमेंटल में होने वाले मैच में खेल सकते हैं। लिवरपूल के मिडफील्डर की फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर स्कोलोनी ने कहा, एलेक्सिस ने सामान्य रूप से प्रशिक्षण लिया और हम आज बाद में निर्णय लेंगे कि वह खेलने के लिए तैयार है या नहीं। स्कोलोनी ने मैच की शुरूआत में इंटर मिलान के लुटारो मार्टिनेज और एटलेटिको मैड्रिड के जूलियन अल्वारेज के साथ आक्रमण करने की संभावना भी जताई। उन्होंने कहा हमें अभी भी शुरूआती टीम को परिभाषित करने की आवश्यकता है, लेकिन हमारे पास उन दोनों के साथ खेलने की संभावना है। अर्जेंटीना वर्तमान में नौ मैचों में 19 अंकों के साथ 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र की स्टैंडिंग में सबसे आगे है।

सुधीर ने एशियाई किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

कंबोडिया। एजेंसी

कौशल और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए किक बॉक्सर सुधीर सक्सेना ने 5 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक कंबोडिया के ओलंपिक स्टेडियम में आयोजित एशियाई किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में 94 किलोग्राम भार वर्ग में भारत के लिए कांस्य पदक जीता है। पूरे एशिया के कुछ बेहतरीन फाइटर्स के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए सुधीर ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन ने न केवल उन्हें पोडियम पर जगह दिलाई बल्कि किक बॉक्सिंग के खेल में भारत की बढ़ती उपस्थिति को भी उजागर किया। सुधीर की भागीदारी पंजाब नेशनल बैंक के उदार प्रायोजन के माध्यम से संभव हुई, जो विभिन्न खेलों में उभरती प्रतिभाओं का दृढ़ समर्थक रहा है। पदक जीतने पर सुधीर ने कहा कि यह उपलब्धि मेरे प्रशिक्षण में लगाई गई कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दशार्ती है। मैं पंजाब नेशनल बैंक के अटूट समर्थन के लिए उनका आभारी हूं और मैं यह पदक उन सभी को समर्पित करता हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया। पंजाब नेशनल बैंक खेलों को बढ़ावा देने और एथलीटों को सफलता की यात्रा में सहायता करने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता रखता है।

प्रदेश स्तरीय पुरुष हाकी प्रतियोगिता 23 अक्टूबर से

लखनऊ । पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष पर राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष हाकी प्रतियोगिता का आयोजन मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम झांसी में 23 से 28 अक्टूबर को होगा। इसके लिए जिला और मंडल स्तर की टीमों के जल्द चयन के लिए खेल निदेशालय से निर्देश दिया गया है। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी अजय कुमार सेठी ने मंगलवार को बताया कि लखनऊ में जिला स्तरीय चयन की प्रक्रिया 18 अक्टूबर को अपराह्न तीन बजे विजयंतखंड स्टेडियम में होगी। वहीं मंडल स्तर पर चयन प्रक्रिया 19 अक्टूबर को अपराह्न तीन बजे से ही विजयंतखंड स्टेडियम में ही किया जाना है। इसके लिए लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के क्रीड़ा अधिकारियों को भी सूचित कर दिया गया है। मंडल स्तर के खिलाड़ी जो चयनित होंगे। वे प्रदेश स्तरीय खेल में भाग लेंगे। सभी जिलों से जिला स्तरीय खिलाड़ियों की चयन की प्रक्रिया के बाद 18 अक्टूबर की शाम को ही मंडल पर सूची उपलब्ध करानी है, जिससे 19 अक्टूबर को मंडल स्तरीय टीम की चयन प्रक्रिया पूरी हो सके।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सुल्तान जोहोर कप के लिए मलेशिया रवाना

बेंगलुरु। एजेंसी

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सोमवार देर रात 12वें सुल्तान जोहोर कप में भाग लेने के लिए मलेशिया रवाना हो गई। 19 अक्टूबर से शुरू होकर 26 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में भारत का सामना मेजबान मलेशिया, जापान, ग्रेट ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से होगा।

नव नियुक्त हेड कोच, पीआर श्रीजेश मलेशिया में टीम की कमान संभालेंगे, जबकि आमिर अली कप्तान होंगे और रोहित उनके डिप्टी होंगे। भारत अपने अभियान की शुरूआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा, उसके बाद 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से भिड़ेगा, उसके बाद 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा। 25 अक्टूबर को आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में, भारत न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में आगे बढ़ने के लिए पूल में शीर्ष दो टीमों में रहने की उम्मीद करेगा।

कप्तान आमिर अली ने टूर्नामेंट को लेकर कहा टीम नए हेड कोच पीआर श्रीजेश के तहत अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रही है और हम उनके साथ अपना पहला टूर्नामेंट खेलने के लिए उत्साहित हैं। पिछली बार हम जर्मनी से हारने के बाद अपना खिताब बचाने में असफल रहे थे, लेकिन इस बार हम बेहतर तरीके से तैयार हैं और प्रतियोगिता में किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं। उप कप्तान रोहित ने कहा सुल्तान जोहोर कप से पहले सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहने के लिए हम पिछले कुछ दिनों से कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। इस बार हमारी टीम में कुछ नए चेहरे हैं और वे मैदान पर अपनी क्षमता दिखाने के लिए उत्सुक हैं। नवंबर में हमें पुरुषों का जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 भी खेलना है और सभी खिलाड़ी हमारे लिए व्यस्त अवधि से पहले अपने स्तर को बढ़ाने के लिए एक-दूसरे पर दबाव बना रहे हैं।

चौथी हॉकी इंडिया महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप की हुई आधिकारिक शुरुआत

नई दिल्ली। एजेंसी

चौथी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप का मंगलवार को यहां प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आधिकारिक उद्घाटन किया गया। यह चैंपियनशिप 21 अक्टूबर, 2024 तक खेली जाएगी, जिसका आयोजन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। चैंपियनशिप का उद्घाटन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सतीश कुमार और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने किया। देश भर की शीर्ष 12 महिला हॉकी टीमें इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। सभी टीमों को चार पूल में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 20 अक्टूबर को सेमीफाइनल होगा। फाइनल 21 अक्टूबर को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। मुख्य अतिथि पंकज जैन ने ऐतिहासिक नेशनल स्टेडियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन के लिए एकदम सही मंच बताया।

उन्होंने खिलाड़ियों की भागीदारी में 50% की वृद्धि की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि एथलीट भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा यह जीतने या हारने के बारे में नहीं है, बल्कि खेलने और अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के बारे में है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने महिला हॉकी टीम के समर्थन में इंडियनऑयल की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। तिर्की ने कहा 52 वर्षों के बाद, भारतीय हॉकी ने लगातार जीत के साथ इतिहास रच दिया है। हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत के साथ, महिला हॉकी का भविष्य पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल दिखाई दे रहा है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी सतीश कुमार ने कहा इन एथलीटों को आकार देने में आपके अथक प्रयासों के लिए कोच और कर्मचारियों को विशेष धन्यवाद। इंडियन ऑयल को इस चैंपियनशिप की मेजबानी करने पर गर्व है, जो एथलीटों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। आपका प्रदर्शन लड़कियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगा।

व्यापार

भारत में डेटा जनरेशन का पैमाना और स्पीड तेजी से बढ़ा है : आकाश

नई दिल्ली। एजेंसी

रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रखने की वकालत की। उन्होंने मंगलवार को राजधानी के प्रगति मैदान में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 (आईएमसी 2024) को संबोधित करते हुए यह बात कही। आकाश अंबानी ने कहा कि भारत में डेटा जनरेशन का पैमाना और स्पीड तेजी से बढ़ी है, जो एआई के साथ और तेजी से बढ़ेगी। इसलिए देश में एआई और मशीन लर्निंग डेटा सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता है। इसके लिए भारतीय कंपनियों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से डेटा सेंटर नीति 2020 के मसौदे को जल्द अपडेट करने का अनुरोध किया। रिलायंस जियो के चेयरमैन ने कहा कि दुनिया उस देश से अचंभित है जो आठ साल पहले 2-जी की गति से रेंग रहा था, अब 5-जी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री को यह आश्वस्त करना चाहूंगा कि 6-जी में भारत का रिकॉर्ड और बेहतर होगा। यूपीआई दुनिया की नंबर वन डिजिटल भुगतान प्रणाली बन गई है। आज भारत दुनिया का एकमात्र बड़ा देश है, जहां मोबाइल डेटा की कीमतें सबसे कम हैं, फिर भी सबसे तेज इंटरनेट है।

टाटा समूह पांच वर्षों में विनिर्माण से जुड़ी 5 लाख नौकरियों का करेगा सृजन: चंद्रशेखरन

नई दिल्ली। एजेंसी

टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि समूह अगले पांच वर्षों में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), बैटरी और संबंधित उद्योगों से जुड़े विनिर्माण क्षेत्र में 5 लाख नौकरियों का सृजन करेगा। चंद्रशेखरन ने इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट की यहां आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यदि भारत विनिर्माण के क्षेत्र में नौकरियां पैदा नहीं कर सकता तो वह विकसित राष्ट्र होने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता। चंद्रशेखरन ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि हर महीने 10 लाख लोग कार्यबल में शामिल हो रहे हैं। टाटा संस प्रमुख ने अपने संबोधन में भारत के विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य में विनिर्माण की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में हमारे (टाटा समूह के) निवेश, प्रीसीजन मैन्यूफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में हमारे निवेश से मुझे लगता है कि हम अगले पांच वर्षों में 5 लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा करेंगे। उन्होंने कहा कि समूह असम में सेमीकंडक्टर संयंत्र और इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी के लिए अन्य कई संयंत्र स्थापित कर रहा है।

चंद्रशेखरन ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि हर महीने 10 लाख लोग कार्यबल में शामिल हो रहे हैं। हमें आने वाले समय में 10 करोड़ नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। टाटा संस प्रमुख ने अपने संबोधन में नए युग के विनिर्माण जैसे सेमीकंडक्टर बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह हर एक रोजगार के लिए आठ से दस अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करता है। उन्होंने इन पहलों में सरकार के समर्थन की सराहना की और विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन की आवश्यकता पर बल दिया।

कच्चे तेल की कीमत में गिरावट

नई दिल्ली। इजराइल-ईरान जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य करीब 2.30 डॉलर प्रति डॉलर घटकर 76 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने आज पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 2.27 डॉलर यानी 2.93 फीसदी की गिरावट के साथ 75.19 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट क्रूड भी 2.18 डॉलर यानी 2.95 फीसदी लुढ़ककर 71.65 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

एयर प्यूरीफायर संबंधी दावों की जांच के लिए बाजार पर नजर रखेगी सरकार

नई दिल्ली। एजेंसी

केंद्र सरकार ने नई दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों में प्रदूषण को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच एयर प्यूरीफायर विनिमार्ता कंपनियों की ओर से किए जाने वाले दावों की जांच के लिए बाजार पर निगरानी रखने की घोषणा की। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की अध्यक्ष और उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने मंगलवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। खरे ने कहा कि हम बाजार निगरानी के जरिए यह देखने की कोशिश करेंगे कि इस संबंध में किए गए दावे सही हैं या नहीं। खरे ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। वह एयर फिल्टर पर मौजूदा गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के अनुपालन की जांच करेगा। प्राधिकरण ने यह कदम केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी के एक दिन पहले दिए गए उस बयान के बाद उठाया है, जिसमें कुछ कंपनियों पर अपने उत्पादों के बारे में गलत दावे करने का आरोप लगाया गया था। जोशी ने विश्व मानक दिवस कार्यक्रम में कंपनियों की भ्रामक विपणन रणनीति पर चिंता व्यक्त की थी। मंत्री ने उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर कहा था कि एयर प्यूरीफायर को लेकर झूठे दावे किए जाते हैं।

सार्वजनिक निर्माण विभाग सिटी डिवीज़न सैकेंड में निविदा सूचना में कार्य पूर्ण करने की अवधी में छेड़छाड

सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर के अधीक्षण अभियंता की नाक के नीचे हुआ भ्रष्टाचार

चमकता राजस्थान

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण विभाग सिटी डिवीज़न सैकेंड में निविदा सूचना में कार्य पूर्ण करने की अवधी में छेड़छाड का मामला सामने आया है !

मिली जानकारी के अनुसार निविदा सूचना संख्या 11/2024-25 में क्रमांक संख्या 6 व 8 में निकाले गये थे जिसकी कार्यावधि क्रमशः चार-चार माह थी लेकिन अब नए सिरे से निविदा सूचना संख्या 19/2024-25 में क्रमांक संख्या 5 व 6 जारी किए गए हैं जिनकी कार्यावधि मात्र पन्द्रह -बीस दिन रखी गई है ,सूत्रों से पता चला है कि अधिकारी दिवाली नज़दीक देखते हुए इस कारगुजारी को अंजाम दे रहे हैं क्योंकि कोई भी ढाई से पाँच लाख रुपये की रिपेयरिंग कार्य 15 -20 दिनों में करना किसी भी ठेकेदार के लिए संभव नहीं है लेकिन अधिकारी 15 दिन में कार्य को संपन्न करवा उनका भुगतान करवा कर अपनी दिवाली मनाने का प्रयास कर रहे हैं।



स्टार्टअप इनोवेशन के क्षेत्र में राजस्थान अग्रणी भूमिका निभाएगा: दिया कुमारी

किया जर्मन निवेशकों को आमंत्रित

चमकता राजस्थान

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जर्मनी के म्यूनिख में राईजंग राजस्थान टूरिज्म मीट के दौरान राजस्थान और जर्मनी के बीच समानताओं को ज़िक्र किया और निवेशकों को पर्यटन के क्षेत्र में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनसंख्या करीब 8.2 करोड़ है जो कि करीब करीब जर्मनी के बराबर है। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान और जर्मनी में काफ़ी समानताएँ है और संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। पर्यटन के क्षेत्र में निवेश ना केवल सांस्कृतिक बंधन को मज़बूत करेगा, वही साथ ही भारत और जर्मनी जैसे दो महान देशों में आर्थिक गठबंधन भी मजबूत होगा। उन्होने निवेशको को बताया कि राजस्थान में नौ यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स है, जो राज्य के इतिहास और विरासत की कहानी

खुद बयान करती है। दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मज़बूत कदम उठाये गये है। राइजिंग राजस्थान के जरिये हम सब मिल कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने और राजस्थान की विरासत को दुनिया को शो-केस करने के लिए पूरी मज़बूती से काम कर रहे है।

हमारा सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम यह सुनिश्चित करेगा कि व्यावसायिक प्रस्तावों को तेजी से स्वीकृति मिले।

स्टार्टअप इनोवेशन के क्षेत्र में भी राजस्थान अग्रणी भूमिका निभाएगा। स्थायी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में, हम ग्रीन बजट लाएंगे, जिसके तहत 7 करोड़ पेड़ लगाने की योजना होगी, और राजस्थान को भारत की अक्षय ऊर्जा राजधानी के रूप में स्थापित करेंगे।

महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए, राजस्थान उद्योगों, उद्यमियों और भागीदारों के लिए सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करेगा। मैं हमारे जर्मन निवेशकों का हार्दिक धन्यवाद करूंगी और उन्हें आमंत्रित करूंगी कि वे हमारे साथ मिलकर नवाचार, स्थिरता और साझा समृद्धि के भविष्य का निर्माण करें।

इन्वेंटिवप्रेन्योर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ICCI) की राष्ट्रीय समिति में सम्मानित बोर्ड सदस्य नियुक्त हुए राजीव अरोड़ा

चमकता राजस्थान

जयपुर। आम्रपाली ज्वेल्स के संस्थापक तथा जयपुर के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी राजीव अरोड़ा को इन्वेंटिवप्रेन्योर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (क्ळउक) की राष्ट्रीय समिति में सम्मानित बोर्ड सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति बड़े पैमाने पर व्यापार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय सरकारी संबंधों में अरोड़ा के अनुभव, उपलब्धि और विशेषज्ञता के प्रति सम्मान को दर्शाती है। इसी के साथ अरोड़ा आईसीसीआई के राष्ट्रीय बोर्ड में राजस्थान के इंचार्ज भी रहेंगे।

आईसीसीआई, जो कि वैश्विक व्यापार और उद्यम क्षेत्र का एक प्रमुख संगठन है, 200 समकक्ष

संस्थाओं और 10,000 से अधिक व्यापारिक सदस्यों का एक मजबूत नेटवर्क है। यह संगठन विभिन्न देशों और सरकारों के साथ व्यापारिक एवं आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए काम करता है। माना जा रहा है कि अरोड़ा का जुड़ाव इस संगठन के विकास और विस्तारित दृष्टिकोण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

आईसीसीआई के टीम सदस्य मुकेश कुमार ने इस अवसर पर कहा, ₹हमें खुशी है कि राजीव अरोड़ा आईसीसीआई में शामिल हुए हैं। उनके अनुभव, विशेषज्ञता और विचारशील नेतृत्व से हम निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे। हम उनके साथ मिलकर व्यापारिक समुदायों और सरकारी तंत्रों के साथ सशक्त संबंध स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

बता दें कि आईसीसीआई में अरोड़ा की नियुक्ति दो वर्षों के लिए की गई है। इस दौरान वे इसकी विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं, और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक अवसरों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

अरोड़ा ने बताया कि जल्द ही प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों और विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय लोगों को शामिल कर वे राजस्थान चैप्टर की एक नई टीम का गठन करेंगे। अगले कुछ सप्ताहों में राजीव अरोड़ा चैम्बर की विभिन्न परिचयात्मक बैठकों में भाग लेंगे, जहाँ उन्हें संगठन की वर्तमान परियोजनाओं, रणनीतिक लक्ष्यों, और नए प्रयासों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही, वे आगामी बोर्ड बैठक में भी शामिल होंगे, जहाँ संगठन की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा होगी। अपनी इस नियुक्ति पर राजीव अरोड़ा ने आईसीसीआई की राष्ट्रीय सभापति डॉ. ऋतिका यादव और उप सभापति डॉ. ऋषभ मल्होत्रा को धन्यवाद दिया है।

भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रहना चाहिए: आकाश अंबानी

- **एआई और मशीन लर्निंग डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए सरकार दे प्रोत्साहन**

चमकता राजस्थान। नई दिल्ली। रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में कहा कि भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रहना चाहिए, क्योंकि देश में डेटा जनरेशन की रफ्तार एआई के साथ तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने देश में एआई और मशीन लर्निंग डेटा सेंटर स्थापित करने की जरूरत पर जोर देते हुए सरकार से भारतीय कंपनियों को इसके लिए प्रोत्साहन देने की मांग की। इसके साथ ही, उन्होंने डेटा सेंटर नीति 2020 के मसौदे को जल्द अपडेट करने का आग्रह किया। आकाश अंबानी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका है और जियो ने किफायती कीमतों पर शक्तिशाली एआई मॉडल और सेवाएं प्रदान करने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि जियो एक राष्ट्रीय एआई इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहा है, जिससे हर भारतीय को एआई का फायदा मिल सकेगा, ठीक वैसे ही जैसे मोबाइल ब्रॉडबैंड के साथ हुआ था।

प्रधानमंत्री की विज़नरी लीडरशिप की प्रशंसा करते हुए अंबानी ने कहा कि भारत अब दुनिया को एआई समाधान देने में सक्षम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत न केवल मोबाइल इनोवेशन में अग्रणी होगा, बल्कि एआई को अपनाकर एक कनेक्टेड, इंटेलिजेंट भविष्य का निर्माण करेगा, जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

- **जियो के दो नए 4जी फीचर फोन लॉन्च**

» इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में रिलायंस जियो ने जियो भारत वी3 और वी4 4जी फीचर फोन लॉन्च किए हैं। नए मॉडल्स 1099 रुपए में जल्द ही बाजार में उपलब्ध होंगे। दोनों मॉडल 128 जीबी तक स्टोरेज और 23 भाषाओं के सपोर्ट के साथ आते हैं। सिर्फ 123 रुपए में मासिक रिचार्ज पर अनलिमिटेड कॉल और 14 जीबी डेटा मिलेगा। जियो–टीवी, जियो–सिनेमा, जियो–पे और जियो–चैट जैसे ऐप्स प्री–लोडेड होंगे। वी3 और वी4 जल्द जियो मार्ट और अमेज़न पर उपलब्ध होंगे।

राजस्थान के हर जिले में फूड बैंक स्थापित करने की मांग

अन्नाशेत्र फाउंडेशन के पदाधिकारयों ने राज्यपाल से की मुलाकात

खाद्य अपशिष्ट कमी नीति के लिए की वकालत

चमकता राजस्थान

जयपुर (संवाददाता खलील कुरेशी)। जयपुर राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पुस्तिक 'फूड वेस्टः रेस्क्यू एंड रियूज' को जारी किया। अन्न क्षेत्र फाउंडेशन जयपुर के प्रतिनिधियों ने सोमवार को राजस्थान के राज्यपाल, हरिभाऊ बागड़े से मुलाकत की, जहां उन्होंने खाद्य अपशिष्ट को कम करने और राज्य भर में अधिशेष खाद्य सामग्री के पुनः उपयोग और पुनर्वितरण को बढ़ावा देने के लिए नीतियों के कार्यान्वयन की वकालत की। बैठक के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने कई पत्र प्रस्तुत किए। और वर्तमान खाद्य अपशिष्ट परिदृश्य का गहन विश्लेषण, प्रभावशाली कहानियां और इस महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों की पुस्तिका भी सौंपी। यह मुलाकात विश्व खाद्य दिवस,16 अक्टूबर से दो दिन पहले हुई है। जो वैश्विक खाद्य चुनौतियों को संबोधित करने के लिए समर्पित है! जिसमें इस वर्ष खाद्य सुरक्षा और अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। आगामी विश्व खाद्य दिवस के मद्देनज़र अन्न क्षेत्र फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से राज्य में खाद्य सुरक्षा नीति लागू कर हर जिले में फूड बैंक स्थापित करने हेतु निवेदन किया। अन्न क्षेत्र फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. विवेक अग्रवाल के नेतृत्व में राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिनिधियों ने राज्यपाल से राज भवन समेत समस्त सरकारी आयोजनों से अधिशेष भोजन को अन्न क्षेत्र फाउंडेशन जयपुर सहित सामाजिक संस्थाओं से साझा करवाने हेतु निर्देशित करने की अपील की प्रतिनिधिमंडल में शामिल सत्येन चतुर्वेदी (एकट), शिवांगी सुल्तानिया (सीडीसी), डॉ. राजीव अग्रवाल, चारू गोस्वामी (आई इंडिया), और रामदास तरुण (युवा चेतना समिति) ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित खाद्य सुरक्षा संबंधी गतिविधियों के बारे में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को अवगत कराया। इस अवसर पर पुस्तिका 'फूड वेस्टः रेस्क्यू एंड रियूज' को भी जारी किया।

संक्षिप्त समाचार

राजेश पायलट किसान संगठन की ओर से उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान /धौलपुर(रामदास तरुण)। बाड़ी उपखण्ड में आज राजेश पायलट किसान संगठन की ओर से ज्ञापन दिया गया! उसमें भारी बारिश होने के कारण किसानो को उच्चित मुआवजा देने की मांग रखी और बाड़ी में रिंग रोड पर जो किसानों की ज़मीन गई है, उसमें 25% किसानो को मुआवजा नहीं मिला है, उनको मुआवजा दिलाने के लिए राजेश पायलट किसान संगठन से आर्यन राय के निर्देश में आज बाड़ी उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया। उसमें उपस्थित राजेश पायलट किसान संगठन मोर्चा के प्रदेश महासिचव, वेदप्रकाश गुर्जर एवं सचिव गजेन्द्र सांगौरी और बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार कंसाना एवं ध्रुव शुक्ला जिला सचिव धौलपुर, नरेश मीणा खानपुर, अनिल आरेला रवि मीणा लक्की शर्मा अभिषेक कृष्ण, पिंकू!

शिविर का आयोजन

चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक :-श्रीनगर। प्रबंधन निदेशक अजमेर डिस्कॉम के निर्देशानुसार पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के तहत दिनांक 16/10/2024 को प्रातः 11 से शाम5स्त्रे तक नसीराबाद बिजली विभाग कार्यालय के प्रांगण में शिविर का आयोजन किया जाएगा ।उक्त योजना का लाभ लेने वाले इछुक आवेदक मौके पर जाकर पंजीकरण करवा सकते है ,इस योजना का लाभ लेने वाले आवेदक को सौर पैनल की संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।इस योजना में अधिकतम 78हजार तक सब्सिडी का प्रावधान है।

धरना दे कर दिया ज्ञापन

चमकता राजस्थान/जयपुर। विभिन्न माँगो को लेकर किसान महापंचायत के जिला उपाध्यक्ष सुगनाराम खोखर, लालाराम ,गशवा राम ,रूप बटेश्वर ,लक्ष्मण घासल ,रामलाल जाखड़ ने धरने के बाद धरनार्थियों का ज्ञापन जिला कलेक्टर की ओर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा,किसानों को आपदा राहत से सहायता देने के लिए गिरदावरी का काम अभी तक भी पूर्ण नहीं हुआ तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मैं क्लेम का आधार क्रॉप कटिंग का काम भी पूरा नहीं हो सका।

रोटरी क्लब जयपुर ने संजोई एक शाम किशोर के नाम

- **गूंजे किशोर कुमार के नगमें।**

चमकता राजस्थान/जयपुर। रोटरी भवन में रोटरी क्लब जयपुर द्वारा महान गायक किशोर कुमार की स्मृति में एक शाम किशोर के नाम संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य गायक मनोज मामनानी ने मशहूर गायक किशोर कुमार की याद में मेरा जीवन कोरा कागज, नीले नीले अंबर पर, पल-पल दिल के पास के नगमों से पूरे माहौल को संगीतमय कर दिया । अन्य गायक कलाकारों हरेश पाटनी, सुरेंद्र जैन पारस ,अनीता अग्रवाल ,डॉ मुकेश शर्मा, रोटे यशवंत कुमार शर्मा ,धीरज कुमार, राजेंद्र प्रकाश, कविता सिंह आदि ने भी बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियां दी। क्लब अध्यक्ष गिरधर माहेश्वरी ने सभा के प्रारंभ में सभी गायकों का सम्मान किया। किशोर कुमार की याद में संजोया हुआ यह कार्यक्रम उपस्थित लोगों द्वारा काफी सराहा गया। रोटे श्री कृष्ण शर्मा एवं रोटे यशवंत कुमार शर्मा कार्यक्रम के संयोजक रहे। रोटेरियन सुरेंद्र जैन पारस के कुशल निर्देशन में सभी कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। रोटेरियन शिल्पा बेंद्रे ने कार्यक्रम का संचालन किया।

जयपुर डिस्कॉम ने विद्युत बिलों के भुगतान की तिथि बढाई

चमकता राजस्थान/जयपुर, 15 अक्टूबर। बिलिंग सर्वर डाउन होने एवं पेमेंट गेटवे में 14 अक्टूबर को तकनीकी समस्या आने की वजह से जयपुर डिस्कॉम द्वारा बिजली बिलों की देय तिथि को 14 अक्टूबर से बढाकर 17 अक्टूबर कर दिया है। उपभोक्ता अपने विद्युत बिल का बिना किसी पेनल्टी के 17 अक्टूबर, 2024 तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।

निगम द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बिलिंग सर्वर डाउन होने व पेमेंट गेटवे में आई इस तकनीकी समस्या का समाधान कर दिया गया है और उपभोक्ता अब ऑनलाइन माध्यम से भी अपने बिजली बिलों का भुगतान कर सकतें हैं। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान सुविधा का लाभ लेने के लिए बिजली मित्र एप की सुविधा पहले से ही उपलब्ध करवाई हुई है। इस एप के माध्यम से उपभोक्ता विद्युत बिलों से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने के साथ ही ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929